अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक
# राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुल्तानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित
वर्ष : 15 अंक 126 लखनऊ, गुरुवार, 20 नवम्बर 2025 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### हिडमा के बाद खूंखार नक्सली मेटरू जोगा भी मुठभेड़ में ढेर

रायपुर/एएसआर। छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश की सीमा पर खूंखार नक्सलवादी माडवी हिडमा के बाद कई और बड़े माओवादियों को मार गिराया गया है। पिछले 24 घंटे के भीतर दो मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 13 नक्सलियों को ढेर किया गया है। जिनमें मंगलवार को छह और बुधवार को सात नक्सली को मार गिराया गया। आंध्र प्रदेश पुलिस ने लगातार दूसरे दिन नक्सलियों को ढेर कर देने में सफलता हासिल की है। आज सुबह मारे गए सात नक्सलियों में सबसे बड़ा नाम जोगा राव उर्फ टेक शंकर उर्फ बाबू उर्फ शिवा का है, जोगा राव साउथ जोनल का कंपनी कमांडर है। मारे गए नक्सलियों में दूसरा बड़ा नाम है - महिला माओवादी ज्योति उर्फ सरिता का, आंध्र प्रदेश पुलिस के मुताबिक ज्योति माओवादियों के पूर्व चीफ नंबाला केशव राव उर्फ बीआर दादा के सुरक्षा टीम में रही है।

### एनआईए को दिल्ली विस्फोट की जांच में संदिग्ध कार कानपुर में मिली

नई दिल्ली। दिल्ली विस्फोट मामले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उत्तर प्रदेश के कानपुर के हितकारी नगर से हरियाणा में पंजीकृत एक संदिग्ध कार बरामद की है। एनआईए अधिकारी कार के मालिकाना हक की जांच कर रहे हैं । सूत्रों के अनुसार इस मामले में गिरफ्तार डॉ. शाहीन सईद विस्फोट से लगभग 25 दिन पहले कानपुर गयी थी। पूछताछ में डॉ. शाहीन और उसके सहयोगी मुजम्मिल ने कथित रूप से फरीदाबाद स्थित अल-फ़लाह विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला से बम बनाने के लिए रसायन चुराने की बात स्वीकार की। कई छापों के बाद विश्वविद्यालय पहले ही जांच के दायरे में है।

# यूपी में बड़ा बदलाव: दिसंबर में नया भाजपा अध्यक्ष, ब्रजेश पाठक रेस में सबसे आगे

## दिसंबर में अध्यक्ष बदलकर शुरू होगा '2027 मिशन रोडमैप'





मनोज शुक्ल

लखनऊ। बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा नेतृत्व अब देश के सबसे बड़े राजनीतिक राज्य–उत्तर प्रदेश–की ओर ध्यान केंद्रित कर चुका है। पार्टी ने संकेत दे दिया है कि दिसंबर में भाजपा उत्तर प्रदेश को नया प्रदेश अध्यक्ष देने जा रही है। यह नियुक्ति सिर्फ संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि आने वाले एक दशक की राजनीति को प्रभावित करने वाला निर्णय माना जा रहा है। जिस तेजी से दिल्ली हाईकमान ने इस दिशा में काम बढ़ाया है, उससे यह स्पष्ट हो चुका है कि भाजपा 2027 विधानसभा चुनाव के लिए अभी से अपनी ज़मीन मजबूत करना चाहती है।

यह पद लगभग 11 महीनों से खाली है और इसे भरने का दबाव लगातार बढ़ रहा था। भाजपा में यह माना जाता है कि उत्तर प्रदेश का संगठन सिर्फ पद का नहीं, बल्कि पूरे चुनावी गणित का केंद्र होता है। इसी कारण से नया अध्यक्ष कौन बनेगा, इस पर राजनीतिक गलियारों में सबसे अधिक चर्चा है। सबसे आगे माने जा रहे नाम–ब्रजेश पाठक, वर्तमान उपमुख्यमंत्री और ब्राह्मण समाज के सबसे प्रभावशाली नेताओं में एक।

अध्यक्ष पद 11 महीने से खाली: क्यों इतने लंबे समय तक टलता रहा निर्णय?

जनवरी 2025 में नया अध्यक्ष चुना जाना था, लेकिन राजनीतिक परिस्थितियाँ और चुनावी कार्यक्रम लगातार बदलते रहे। फरवरी-मार्च में महाराष्ट्र की राजनीतिक उठा-पटक, अप्रैल-जून में लोकसभा उपचुनाव और जून से शुरू हुए हरियाणा-महाराष्ट्र चुनाव की तैयारियों ने संगठन की ओर ध्यान खींच लिया। अगस्त के बाद भाजपा का संपूर्ण फोकस बिहार विधानसभा चुनाव पर स्थिर हो गया, जो पार्टी की प्रतिष्ठा का बड़ा सवाल था। इसके कारण उत्तर प्रदेश में अध्यक्ष की नियुक्ति लगातार टालनी पड़ी। अब जब बिहार चुनाव पार्टी के लिए अत्यंत सफल साबित हुआ है, भाजपा का शीर्ष नेतृत्व चाहता है कि यूपी में खाली पदों को तत्काल भरा जाए और 2027 की तैयारी समय रहते शुरू हो।

हाईकमान की दोस्तरीय रणनीति: पहले संगठन में बदलाव, फिर सत्ता में बड़ा फ़ेरबदल

भाजपा की रणनीति साफ है– पहले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, फिर योगी मंत्रिमंडल में व्यापक बदलाव। योगी सरकार में फिलहाल 6 मंत्री पद खाली हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार 3ऽ5 मौजूदा मंत्रियों की कार्यक्षमता पर भी सवाल उठे हैं। भाजपा चाहती है कि नए मंत्रियों के चयन में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन पर जोर दिया जाए। 1- ब्राह्मण, 2- कुर्मी, 3- लोध, 4-दलित, 5-पिछड़ा वर्ग, 6- पूर्वांचल, 7-बुंदेलखंड, 8-अवध, 9- पश्चिमी यूपी, इन्हीं सब कारकों को ध्यान में रखकर अध्यक्ष चुना जाएगा ताकि संगठन में ऊर्जा और सरकार में सामंजस्य कायम रहे।

क्या ब्रजेश पाठक के नाम पर हाईकमान की सहमति बन चुकी है?

ब्रजेश पाठक के नाम के आगे होने की तीन प्रमुख वजहें हैं– पहली, वे ब्राह्मण समाज में मजबूत पकड़ रखते हैं, जो 2027 चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएगा। दूसरी, वे सरकार और संगठन दोनों में स्वीकार्य चेहरा हैं। तीसरी, वे प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा–इन तीनों के साथ तालमेल रखने वाले नेताओं में गिने जाते हैं। इसके अलावा उनकी कार्यशैली संघ के लिए भी संतोषजनक मानी जाती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ब्राह्मण समीकरण को साधे बिना भाजपा 2027 में 2017-2022 की तरह बड़ा जनादेश हासिल नहीं कर सकती।

स्वतंत्र देव सिंह–अनुभव, संगठन और पिछड़ा वर्ग का प्रतिनिधित्व

स्वतंत्र देव सिंह का नाम भी गंभीरता से चर्चा में है। वे भाजपा के कैडर के नेता माने जाते हैं और कुर्मी समाज के बड़े प्रतिनिधि हैं। उनके अध्यक्ष रहते भाजपा मजबूत प्रदर्शन कर चुकी है। आरएसएस के साथ मजबूत तालमेल और चुनावी प्रबंधन में उनकी विशेषज्ञता उन्हें शीर्ष दावेदारों में बनाए रखती है। यदि भाजपा पिछड़ा वर्ग पर अधिक फोकस करने का निर्णय करती है, तो स्वतंत्र देव सिंह का नाम भारी पड़ सकता है।

धर्मपाल सिंह–लोध समाज और कल्याण सिंह की विरासत

धर्मपाल सिंह लोध समाज के अनुभवी और वरिष्ठ नेता हैं। कल्याण सिंह की राजनीतिक परंपरा से जुड़े रहे हैं। लेकिन चूंकि लोध समाज पहले से ही भाजपा का स्थायी वोटबैंक है, इसलिए इस पद पर उन्हें लाना भाजपा के सामाजिक लाभ को बहुत अधिक नहीं बढ़ाएगा। फिर भी संघ का एक हिस्सा चाहता है कि एक व्यापक सामाजिक आधार वाले वरिष्ठ नेता को जिम्मेदारी मिले।

आने वाले चुनावों का दबाव: क्यों जरूरी है तुरंत अध्यक्ष?

2026 और 2027 के चुनाव ही इस बदलाव का मूल कारण हैं। 2026 में पंचायत चुनावों के जरिए भाजपा को ग्रामीण स्तर की चुनावी तस्वीर मिलेगी।इसके बाद एमएलसी चुनाव होंगे।

2027 में सबसे बड़ा मुकाबला– उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव होगा। और राजनीतिक विशेषज्ञ जानते हैं कि यूपी का चुनाव सिर्फ राज्य की राजनीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति का भविष्य तय करता है। भाजपा का लक्ष्य है कि संगठन को 2026 तक एक नई ऊर्जा, नई टीम और नए नेतृत्व के साथ तैयार कर दिया जाए।

आंतरिक रिपोर्ट: कई जिलों में संगठन कमजोर, कई मंत्री सक्रिय नहीं

भाजपा के अंदरूनी सर्वे में पाया गया है कि– कुछ जिलों में भाजपा बूथ स्तर पर कमजोर है। कुछ मंत्रियों की क्षेत्रीय सक्रियता बेहद कम है। कई सीटों पर लगातार हार की स्थिति बनी हुई है। कुछ जिलों में पार्टी कार्यकर्ताओं की शिकायतें बढ़ी हैं। इन्हीं कारणों से संगठन का ''रीसेट'' अब जरूरी माना जा रहा है।

### दिसंबर में ही तय होगा नाम, पीयूष गोयल की रिपोर्ट के बाद औपचारिक घोषणा

भाजपा पर्यवेक्षक पीयूष गोयल जल्द लखनऊ पहुंचेंगे और प्रदेश परिषद की बैठक में अध्यक्ष के नाम का प्रस्ताव पारित होगा। भाजपा की परंपरा है कि अध्यक्ष के लिए सिर्फ एक ही नामांकन दाखिल होता है। इससे पता चलता है कि नाम पहले ही दिल्ली में तय हो चुका होता है और बैठक महज विधिक औपचारिकता होती है। राजनीतिक संकेतों और नेताओं की गतिविधियों से साफ है कि फैसला दिसंबर में ही होगा।

### नया अध्यक्ष सिर्फ नियुक्ति नहीं, यह भाजपा का सबसे बड़ा राजनीतिक रीसेट

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यूपी भाजपा में होने वाला बदलाव दो चीज़ें तय करेगा। पहला 2027 की चुनावी रणनीति दूसरा , योगी सरकार और भाजपा संगठन का सामंजस्य। नया अध्यक्ष, नया मंत्रिमंडल, नई टीम, और नया संगठन ढांचा–ये सभी मिलकर भाजपा के ख2027 मास्टरप्लान को आकार देंगे। यूपी की 80 लोकसभा और 403 विधानसभा सीटों को देखते हुए भाजपा इस बार कोई भी कसर नहीं छोड़ना चाहती।

# प्रधानमंत्री का प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान

## 'एक एकड़-एक मौसम' मॉडल अपनाने की सलाह



एजेंसी

● प्रधानमंत्री ने कोयंबटूर में दक्षिण भारतीय जैविक खेती सम्मेलन का किया उद्घाटन, सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त भी की जारी

कोयंबटूर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने और 'एक एकड़ऽएक मौसम' के चरणबद्ध मॉडल को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती 21वीं सदी की कृषि जरूरतों के अनुरूप है और यह भारत को वैश्विक स्तर पर रसायन-मुक्त कृषि का अग्रणी केंद्र बना सकती है।

प्रधानमंत्री बुधवार को तमिलनाडु के कोयंबटूर में दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पीएम-किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के रूप में 9 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि भी हस्तांतरित की। उन्होंने कहा कि यह सहायता किसानों को लागत कम करने और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने में मदद करेगी।

मोदी ने कहा कि प्राकृतिक खेती उनके दिल के बहुत करीब है और यह भारत की पारंपरिक, स्वदेशी कृषि पद्धति है जिसका आधार हमारे पूर्वजों का ज्ञान और प्रकृति के प्रति सम्मान है। उन्होंने जोर देकर कहा कि रसायनों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता कम हो रही है और खेती की लागत बढ़ रही है। समाधान फसल विविधीकरण और प्राकृतिक खेती में है। प्रधानमंत्री ने किसानों को सलाह दी कि वे एक एकड़ खेत में एक मौसम के लिए प्राकृतिक खेती शुरू करके इसका प्रभाव स्वयं देखें। उन्होंने कहा कि इस मॉडल से जोखिम कम होता है और किसान धीरे-धीरे संपूर्ण भूमि पर रसायन-मुक्त खेती कर सकते हैं।

उन्होंने तमिलनाडु की प्राचीन कलिंगारायण नहर प्रणाली का उल्लेख करते हुए कहा कि दक्षिण भारत लंबे समय से जैविक और प्राकृतिक खेती का केंद्र रहा है। उन्होंने कोयंबटूर क्षेत्र की सराहना करते हुए कहा कि यहां की परंपराएं जैसे पंचगव्य, जीवामृत, बीजामृत और अच्छादान, मिट्टी को स्वस्थ रखते हैं और फसलों को रसायन-मुक्त बनाते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सरकार भी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक प्रोत्साहन और तकनीकी सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने राज्य सरकारों से प्राकृतिक खेती आधारित बहु-फसल मॉडल को अपने कृषि कार्यक्रमों में शामिल करने का आग्रह किया। मोदी ने कहा, ख्केरल और कर्नाटक के पहाड़ी इलाकों में बहु-मंजिला कृषि एक बेहतरीन उदाहरण है, जहां एक ही भूमि पर कई फसलें उगाई जाती हैं।

# फिर तो बिहार में जल्द होंगे उपचुनाव

अभयानंद शुक्ल, समन्वय सम्पादक




● राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस में टूट, या फिर इस्तीफ़े की चर्चाएं
● आसानी से बंटवारा हुआ तो ठीक, नहीं तो हो सकते हैं कुछ इस्तीफ़े
● इसे रोहिणी समर्थकों के विद्रोह से जोड़कर भी देखा जा रहा
● तेजस्वी यादव को नेता प्रतिपक्ष का तमगा नहीं देना चाहता एनडीए

लखनऊ। बिहार के चुनाव के परिणाम आ गए हैं। और बृहस्पतिवार 20 नवंबर को नीतीश कुमार मुख्यमंत्री शपथ भी ले लेंगे। इसके बावजूद वहां सियासी समीकरण बदलने के लिए तैयार दिख रहे हैं। खबर है कि भाजपा और जनता दल यूनाइटेड की नजर राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के कुछ बागी विधायकों पर है। इसके अलावा रोहिणी आचार्य के समर्थकों के प्रदर्शनों और विरोध के चलते भी माहौल ऐसा ही कुछ दिख रहा है। ऐसे में खबर है कि जल्द कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल में विभाजन हो सकता है। और किन्हीं कारणों से ऐसा नहीं हुआ तो कुछ इस्तीफ़े ही हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में फिर उपचुनाव तो कराने ही पड़ेंगे।

बिहार से आ रही ताजा खबरों के अनुसार भाजपा और जदयू दोनों ही दल अपनी राजनीतिक ताकत बढ़ाने के लिए बेचैन दिख रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि ऐसा वे अपनी सियासी बारगेनिंग पावर बढ़ाने के लिए करना चाहते हैं। ऐसे में उनकी नजर राजद और कांग्रेस के बागियों पर है। ये आशंका इसलिए भी है क्योंकि राजद में रोहिणी आचार्य के समर्थकों ने विद्रोह कर दिया है। वे पार्टी सुप्रीमो लालू यादव के सामने ही प्रदर्शन कर तेजस्वी यादव के सलाहकार संजय यादव के इस्तीफ़े की मांग कर रहे हैं। वे इसे रोहिणी आचार्य के अपमान से जोड़कर संजय को हरियाणा वापस भेजने की मांग कर रहे हैं। अंदरखाने की खबर यही है कि रोहिणी के अपमान से कुछ राजद विधायक नाराज भी हैं, हालांकि अभी इनकी संख्या 7 से 8 ही है लेकिन ये कभी भी बढ़ सकती है। उनका मानना है कि जो नेता परिवार नहीं एक करके रख सकता, वह पार्टी कैसे चला पाएगा। इस मामले में उन्हें तेजस्वी की समझ पर संदेह है। दूसरा कारण यह भी है कि राजद के विधायकों को ये बात समझ में आ गई है कि राष्ट्रीय जनता दल या इंडी गठबंधन हाल-फिलहाल राज्य की सत्ता में नहीं आने वाले हैं। और जिन विधायकों ने पैसा खर्च कर चुनाव लड़ा है, उसकी वापसी भी चाहते हैं। ऐसे में वे एक मजबूत ठिकाने की तलाश में है। ऐसे में रोहिणी आचार्य का केस उनके लिए बहाने के रूप में आ गया है। उधर भाजपा और जदयू भी चाहते हैं कि राष्ट्रीय जनता दल को चुनावी परिदृश्य से बाहर किया जाए।

अब अगर चुनावी आंकड़ों पर गौर करें तो राष्ट्रीय जनता दल के कुल 25 विधायक जीत कर आए हैं। जिनमें से तीन मुसलमान हैं और 22 हिंदू हैं। आशंका जताई जा रही है कि मुस्लिम विधायक ओवैसी की पार्टी या फिर जदयू के साथ जाने को बेताब बैठे हैं,और हिंदू विधायकों में से अधिकतर भाजपा की ओर जाने के लिए तैयार बैठे हैं। वैसे संभावना इस बात की भी है कि कुछ मुस्लिम विधायक जदयू के पाले में भी जा सकते हैं, और उनकी एक राउंड की बात हो भी गई है। यही हाल कांग्रेस विधायकों का भी है। कांग्रेस के छह विधायक जीत कर आए हैं। इनमें से चार हिंदू हैं और दो मुसलमान। इन विधायकों का भी बंटवारा इसी तर्ज पर होने की संभावना है। बिहार के राजनीतिक गलियारों में शपथ ग्रहण के पहले अब ये चर्चाएं आम हैं। टूट के हिसाब से कांग्रेस पर खतरा अधिक है क्योंकि उसके विधायकों की संख्या कम है।

राजनीति के कुछ जानकार इसे राष्ट्रीय जनता दल में मचे बवाल से भी जोड़ रहे हैं। उनका कहना है कि रोहिणी आचार्य ने ऐसा माहौल बना दिया है कि राष्ट्रीय जनता दल में कभी भी टूट हो सकती है। वे कहते हैं कि जहां तक सवाल कांग्रेस का है तो कांग्रेस के विधायकों में असुरक्षा बोध है। उनको यह समझ में आ गया है कि कांग्रेस में रहकर भविष्य में जल्दी सत्ता सुख नहीं मिलने वाला है। ऐसे में वे भी मन बना रहे हैं कि कहीं कोई सुरक्षित ठिकाना खोज लिया जाए। वैसे भी कांग्रेस के नेता अखिलेश प्रसाद सिंह और शकील अहमद ने रिजल्ट आते ही विरोधी तेवर दिखा दिए हैं। शकील अहमद ने तो बाकायदा पार्टी के पदों से इस्तीफा भी दे दिया है।

जानकारों का कहना है कि यह बंटवारा या इस्तीफा लगभग तय है, पर इसकी टाइमिंग में थोड़ा संदेह है। ये तत्काल भी हो सकता है या फिर कुछ देर इंतजार करके। इंतजार समर्थक लोगों का मानना है कि नीतीश कुमार अस्थिर दिमाग के व्यक्ति हैं। वे कभी भी भाजपा से नाराज होकर गठबंधन तोड़ सकते हैं और महागठबंधन के साथ मिलकर सरकार बना सकते हैं। ऐसे में थोड़ी गुंजाइश बची है कि विघटन न हो, लेकिन दूसरे जानकार तर्क देते हैं कि नीतीश कुमार ने जिस तरह भाजपा के सामने समर्पण कर दिया है, उसको देखकर तो नहीं लगता कि वे फिर गठबंधन तोड़ेंगे। वैसे भी नीतीश कुमार ने आखिरी बार जब से भाजपा का दामन पकड़ा है तो वे यही कहते फिर रहे हैं कि अब इधर-उधर कहीं नहीं जायेंगे। ऐसे में इस बात की ही प्रबल संभावनाएं दिख रही हैं कि बिहार में या तो राजद और कांग्रेस टूटेंगे या फिर विधायकों का इस्तीफा होगा।

इसके पीछे तक देने वाले लोगों का यह भी कहना है कि भाजपा किसी भी सूरत में तेजस्वी यादव को नेता विरोधी दल बनाने के लिए तैयार नहीं है। वह चाहती है कि उसके एक-दो विधायकों का इस्तीफा दिलवाकर संख्या बल के हिसाब से तेजस्वी को नेता विरोधी दल पद के लिए अयोग्य घोषित करा दिया जाए। और इस काम के लिए बताया जाता है कि नीतीश कुमार भी तैयार बैठे हैं। नीतीश कुमार का मानना है कि उन्होंने 2015 में महागठबंधन के साथ चुनाव लड़कर बड़ी राजनीतिक भूल की थी, अगर वह उस समय अगर राजद के साथ नहीं गए होते तो उसी समय राजनीतिक रूप से राजद हाशिए पर आ गया होता। इसलिए बताते हैं कि नीतीश कुमार अब ऐसी कोई गलती नहीं दोहराना चाहते।

# परियोजना निर्धारित करते समय आय सृजन की संभावनाओं का भी रखें ध्यान : योगी

● मुख्यमंत्री योगी ने मेरठ, कानपुर और मथुरा–वृंदावन की विकास कार्ययोजना की समीक्षा की

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के समग्र नगरीय विकास की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इन नगरों का विकास केवल सड़कों और इमारतों के निर्माण तक सीमित न हो, बल्कि उनका स्वरूप ऐसा बने जिसमें स्थानीय पहचान, इतिहास, संस्कृति और आधुनिक सुविधाओं का संतुलन दिखे।

उन्होंने निर्देश दिया कि योजनाएं चरणबद्ध ढंग से लागू हों, कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं और नागरिकों को इसका प्रत्यक्ष लाभ दिखे। मुख्यमंत्री ने मेरठ में प्रस्तावित बिजली बम्बा बाईपास को लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर की तर्ज पर पीपीपी मोड में विकसित करने की संभावना तलाशने के निर्देश दिए।

### अयोध्या में कलश यात्रा के साथ शुरू होगा ध्वजारोहण का अनुष्ठान

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में अयोध्या ध्वजारोहण समारोह के लिए पूरी तरह सजऽधजकर तैयार हो रही है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि में भक्ति, उत्साह और उल्लास का ऐसा संगम दिखाई दे रहा है कि पूरा शहर 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा है। राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर 25 नवंबर को होने वाले ऐतिहासिक ध्वजारोहण समारोह की तैयारियां अब चरम पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति इस पर्व को और भी ऐतिहासिक बनाएगी। ध्वजारोहण समारोह का शुभारंभ मार्गशीर्ष अमावस्या के पावन अवसर पर 20 नवंबर को कलश यात्रा से होगा, जबकि समापन 25 नवंबर को विवाह पंचमी के शुभ मुहूर्त में होगा।

# गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई अमेरिका से भारत लाया गया, एनआईए ने किया गिरफ्तार

एजेंसी



नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई और उसके करीबी सहयोगी अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित कराया। दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड होने के बाद एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

एनआईए ने बताया कि अनमोल बिश्नोई साल 2022 से फरार था और एनआईए द्वारा जांचे जा रहे लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े गैंगस्टर नेटवर्क का 19वां आरोपित है जिसे गिरफ्तार किया गया है। एनआईए ने मार्च 2023 में दायर अपनी चार्जशीट में बताया था कि अनमोल ने साल 2020 से 2023 के बीच अपने भाई लॉरेंस बिश्नोई और नामित आतंकी गोल्डी बराड़ की विभिन्न आतंकी गतिविधियों में सक्रिय मदद की थी। जांच में सामने आया है कि अनमोल बिश्नोई अमेरिका में रहते हुए भी बिश्नोई गैंग के सहयोगियों के साथ मिलकर गिरोह के आतंक नेटवर्क को संचालित करता रहा और भारत में आतंकी गतिविधियां करवाता रहा। उसने गैंग के शूटरों व ज़मीनी गुर्गों को पनाह दी और लॉजिस्टिक सपोर्ट दिया था। वह विदेश में बैठकर अन्य गैंगस्टरों की मदद से भारत में रंगदारी वसूली में भी शामिल था।

# विधान सभा की कार्यप्रणाली एवं संसदीय परंपराओं से अवगत हुए सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से बुधवार को सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन, कानपुर के अध्यक्ष एस.पी. सिंह, महासचिव अवनीश मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की।

प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्यप्रणाली, संसदीय परंपराओं तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं के संचालन की प्रक्रियाओं को नजदीक से समझना था। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए विधायी व्यवस्था की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ल्लविधायक हमेशा जनता के सबसे निकट होते हैं। इसी कारण उनकी जवाबदेही भी अधिक होती है और वे अक्सर आलोचना के केंद्र में आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अन्य संस्थाओं का जनता से प्रत्यक्ष संपर्क कम होता है, जबकि विधायिका सीधे जनता के बीच कार्य करती है। ऐसे में विधायिका के प्रति नकारात्मक सोच लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। उन्होंने आगे कहा, जब नागरिक इस भव्य और ऐतिहासिक विधानसभा भवन का भ्रमण करते हैं और इसके स्वरूप, इतिहास एवं गरिमा को समझते हैं, तब सदन की वास्तविक महत्ता का अनुभव होता है। महाना ने कहा कि हम सभी को मिलकर विधायिका के प्रति सकारात्मक धारणा विकसित करनी चाहिए। यद्यपि सभी चुनौतियों का तुरंत समाधान संभव नहीं है, परंतु भविष्य में सुधारों की दिशा में



निरंतर प्रयास आवश्यक होंगे। मुझे विश्वास है कि 18वीं विधानसभा अपने कार्य, अनुशासन और योगदान के लिए आने वाले समय में विशेष रूप से उल्लेखित की जाएगी। मुलाकात के उपरांत प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा परिसर का भ्रमण किया। विधानसभा स्टाफ ने उन्हें मुख्य सभा कक्ष, समिति कक्ष, सेंट्रल हॉल, प्रेस गैलरी एवं अभिलेखागार की संरचना और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रश्नकाल, विधेयक निर्माण, समितियों की भूमिका तथा विधान सभा की दैनिक कार्यप्रणाली से जुड़े विभिन्न पहलुओं को भी निकट से समझा। प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भ्रमण अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरक और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति समझ को और गहरा करने वाला रहा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लखनऊ में दिव्यांगों का प्रदर्शन, पांच हजार पेंशन और नियुक्ति पत्र की उठी मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा के सामने बुधवार को दिव्यांग महागठबंधन के बैनर तले दिव्यांगों ने अपनी समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। दिव्यांग महागठबंधन के महासचिव वीरेंद्र कुमार ने बताया कि सरकार ने विकलांग का नाम बदलकर दिव्यांग कर दिया, लेकिन हमारी स्थिति आज भी नहीं बदली। नौकरी न मिलने के कारण कई लोगों को भीख मांगकर गुजारा करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों की 27 सूत्री मांगों में मुख्य रूप से दिव्यांग पेंशन को एक हजार से बढ़ाकर पांच हजार प्रतिमाह करना, दिव्यांग कर्मचारियों को गृह जनपद में तैनाती, निःशुल्क घरेलू मीटर और बिजली बिल में सौ प्रतिशत छूट शामिल है। महासचिव वीरेंद्र कुमार ने बताया कि 2022 की लेखपाल परीक्षा पास करने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को अब तक 188 पदों पर नियुक्ति पत्र नहीं मिला है। उनका कहना है कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की लापरवाही के कारण दिव्यांग अभ्यर्थी परेशान हैं। अधिकारियों से सिर्फ आश्वासन मिलता है, कार्रवाई नहीं होती। वीरेंद्र कुमार ने कहा कि दिव्यांगों की 21 श्रेणियों को देखते हुए आरक्षण कोटा चार फीसदी से बढ़ाकर 10 फीसदी किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगे पूरी नहीं हुईं तो प्रदेश के 54 लाख दिव्यांग अपनी वोट शक्ति से सरकार को हिला देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा 'पर्यवेक्षक' नहीं, 'पर्चीवेक्षक' भेजती है : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** बिहार में सरकार गठन को लेकर केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किये जाने पर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को आड़े हाथों लिया है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा संगठनात्मक लोकतंत्र का ढिंढोरा पीटती है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पार्टी में फैसले पर्ची से होते हैं। बुधवार को अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए श्री यादव ने व्यंग्य करते हुए कहा, ''भाजपा ने इनसे जिस पद का वायदा किया था, उसको छोड़कर इन्हें बाक़ी सारे पद और ज़िम्मेदारियाँ दी जा रही हैं। जहाँ पर्ची से फ़ैसला होता है वहाँ क्या ये पर्ची पढ़ने जा रहे हैं? भाजपा पर्यवेक्षक नहीं दरअसल पर्चीवेक्षक भेजती है। भाजपा और लोकतंत्र विलोम हैं।'' गौरतलब है कि भाजपा ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को बिहार में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसके साथ ही केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को सह-पर्यवेक्षक बनाया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह के अनुसार भाजपा के संसदीय बोर्ड ने यह नियुक्तियाँ चुनाव की प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से की हैं।

### लखनऊ में मंत्री आवास के पास मां-बेटे ने खाया जहरीला पदार्थ,अस्पताल में भर्ती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विक्रमादित्य मार्ग स्थित पर्यटन मंत्री आवास के पास बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मथुरा से आए मां-बेटे ने जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना की सूचना लगभग सुबह 11:30 बजे पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज बंदरिया बाग आदित्य सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों को तत्काल सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है और स्थिति स्थिर बताई जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी गौतमपल्ली पंकज कुमार ने बताया कि अस्पताल में भर्ती पीड़ित मां-बेटे की पहचान महिला मुनेश सिंह (55) और उनके बेटे बलजीत सिंह (38) के रूप में हुई है, जो एफ-49 राधारानी टाउनशिप, बरसाना, जिला मथुरा के निवासी हैं। प्राथमिक जांच में अनुमान है कि दोनों ने कीटनाशक दवा का सेवन किया था। समय रहते अस्पताल ले जाने से उनकी हालत सामान्य है। मामले की विवेचना जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल की तलाशी के दौरान पुलिस को बेटे बलजीत सिंह की जेब से एक दो-पेज का नोट मिला है। नोट में आरोप लगाया गया है कि मथुरा में उनके प्लॉट और मकान पर कुछ व्यक्तियों ने कब्जा कर लिया है। इसमें यह भी लिखा है कि इन लोगों ने उनसे 43 लाख रुपये लेकर रजिस्ट्री और कब्जा नहीं दिया। शिकायत करने पर उन्हें धमकियां दी जाती थीं और विवाद बढ़ता चला गया। नोट में दर्ज आरोपों में यह भी कहा गया है कि शिकायतों के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिला, जिससे दोनों मानसिक तनाव में थे और इसी कारण उन्होंने यह कदम उठाया।पुलिस ने पूरे प्रकरण की जानकारी जनपद मथुरा पुलिस को भी भेज दी है। मामले की गहन जांच की जा रही है।

### भाऊराव देवरस की जयंती पर अस्पताल में किया गया फल वितरण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में संघ कार्य के सूत्रधार भाऊराव देवरस की जयंती के अवसर पर बुधवार को महानगर स्थित भाऊराव देवरस संयुक्त चिकित्सालय में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पां?जलि अर्पित की गयी। इसके बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त सम्पर्क प्रमुख गंगा सिंह और अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. रणजीत दीक्षित की उपस्थिति में वार्डों में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रान्त के प्रान्त सम्पर्क प्रमुख गंगा सिंह ने भाऊराव देवरस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों पर चलने का आहवान किया। गंगा सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में संघ का कार्य भाऊराव देवरस के परिश्रम से ही खड़ा हुआ। लखनऊ आने के बाद वह यहीं के होकर रह गये। प्रान्त सम्पर्क प्रमुख ने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता पण्डित दीनदयाल उपाध्याय,नानाजी देशमुख, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई और चतुर्थ सरसंघचालक रज्जू भैय्या जैसे छात्रों को संघ से जोड़कर उन्होंने ही आगे बढ़ाया।

# योगी एक असाधारण मुख्यमंत्री: पाण्डेय

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। बहुजन क्रांति पार्टी (बीकेपी) के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता केशव चन्द्र पाण्डेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उपद्रवियों को सख्त सन्देश देने का स्वागत करते हुए कहा है कि वह एक असाधारण मुख्यमंत्री हैं। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध ऐसी प्रबल इच्छाशक्ति एवं कार्ययोजना किसी सामान्य मनुष्य में नहीं हो सकती।

श्री पाण्डेय ने आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।

श्री पाण्डेय ने गोरखपुर में उच्चीकृत क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला भवन का मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण के बाद उनके वक्तव्य का स्वागत करते हुए कहा कि अपराध निवारण मुख्यमंत्री के सर्वाधिक रुचि का विषय है और उन्होंने इसे प्रमाणित भी कर दिया है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने विगत आठ वर्षों में फोरेंसिक साइंस लैब की संख्या बढ़ाकर 12 कर दिए जाने को मुख्यमंत्री की अपराध निवारण की महत्वाकांक्षी योजना का हिस्सा बताया जहाँ सभी अत्याधुनिक परीक्षण किए जा सकेंगे।

प्रवक्ता ने कहा कि नए तीन आपराधिक कानून लागू होने के बाद सात वर्ष से ज्यादा सजा वाले सभी अपराधों में फोरेंसिक जांच अनिवार्य कर दी गई है।

श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश को सौभाग्यवश योगी जैसा मुख्यमंत्री मिला है। प्रदेश के बाकी मुख्यमंत्रियों में अपराध व अपराधियों से लड़ने की क्षमता नहीं थी, बल्कि वे अपराधियों के संरक्षणदाता की भूमिका में थे तथा उन्होंने 2017 के पहले प्रदेश में जंगलराज को बढ़ावा देकर प्रदेश को ज्वालामुखी के मुहाने पर बैठा दिया था। तत्कालीन सपा सरकार का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि उसने जनता का सुख-चैन छीन लिया था जिसका विरोध बहुजन क्रांति पार्टी ने प्रखरता के साथ किया था।

### लखनऊ में मान्यता प्राप्त पत्रकार पर हमला, पुलिस ने दर्ज किया केस

**लखनऊ।** लखनऊ के मानकनगर क्षेत्र में मंगलवार देर रात बेखौफ हमलावरों ने सुदर्शन न्यूज में कार्यरत और उत्तर प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त पत्रकार सुशील अवस्थी पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल अवस्थी को पुलिस और परिजनों ने लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना के अनुसार सुशील अवस्थी रात करीब 10 बजे घर पर थे, तभी कुछ लोग उनसे बात करने के बहाने घर आए। आरोप है कि वे लोग अवस्थी को जबरन अपनी कार में बैठाकर ले गए और रास्ते में पांच लोगों ने उन पर लगातार हमला किया। काफी देर तक लौटकर न आने पर उनका बेटा ऋषभ अवस्थी घर से बाहर निकला। लगभग सौ मीटर दूरी पर शारदा मंगल भवन के पास सुशील अवस्थी एक अज्ञात बाइक सवार के कंधे पर हाथ रखे घायल अवस्था में लड़खड़ाते हुए दिखाई दिए। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मानकनगर थाने में अज्ञात आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आरोपितों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# राम-जानकी-लक्ष्मण मंदिर परिसर में शिवालय का जीर्णोद्धार पूरा

- 21 से 25 नवंबर तक होगा भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बाराबंकी। इचौली ग्राम स्थित श्री राम-जानकी-लक्ष्मण मंदिर परिसर में निर्मित शिवालय (शिव परिवार) के जीर्णोद्धार के उपरांत भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 21 नवंबर से 25 नवंबर 2025 तक किया जा रहा है। पांच दिवसीय इस धार्मिक उत्सव में शिवऽपार्वती विवाह, कलश यात्रा, हवन, प्रतिष्ठा स्थापना और विभिन्न अधिवास पूजन समेत अनेक वैदिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ ग्रहण करने का आग्रह किया है।

पहला दिनः कलश यात्रा और जलाधिवास से होगा शुभारंभ

महोत्सव का प्रारंभ 21 नवंबर, शुक्रवार को प्रातः 9 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। मंदिर परिसर से प्रारंभ होने वाली यह यात्रा ग्राम की मुख्य गलियों से होकर गुजरेगी। इसके पश्चात विधिवत पूजन, जलाधिवास और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा।

दूसरा दिनः दुग्धाधिवास और अन्नाधिवास

22 नवंबर, शनिवार को प्रातः 11 बजे दुग्धाधिवास का आयोजन होगा, जिसमें भगवान शिव परिवार का अभिषेक दुग्ध, पंचामृत और सुगंधित द्रव्यों से किया जाएगा। सायं 4 बजे अन्नाधिवास संपन्न होगा, जिसके अंतर्गत विशिष्ट अनुष्ठानों के साथ अन्न समर्पित कर पूजा सम्पन्न की जाएगी।

तीसरा दिनः वस्त्राधिवास और द्रव्याधिवास

23 नवंबर, रविवार को प्रातः 10 बजे वस्त्राधिवास का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भगवान शिव परिवार का विशेष श्रृंगार एवं वस्त्रारोपण होगा। सायं 4 बजे द्रव्याधिवास आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न द्रव्यों द्वारा पूजा-अर्चना संपन्न की जाएगी।

चौथा दिनः महास्नान, नगर भ्रमण और शिव-पार्वती विवाह

24 नवंबर, सोमवार को प्रातः 9 बजे भगवान का महास्नान अनुष्ठान होगा। इसके बाद नगर भ्रमण (शोभायात्रा) निकाली जाएगी, जिसमें सर्व समाज के लोग सम्मिलित होंगे। इसी दिन भगवान शिव एवं माता पार्वती का दिव्य विवाह उत्सव भी मनाया जाएगा, जो कार्यक्रम का सबसे आकर्षक और आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है।

पाँचवां दिनः प्रतिष्ठा स्थापना, हवन, श्रृंगार और प्रसाद

महोत्सव का अंतिम दिन 25 नवंबर, मंगलवार होगा। प्रातः 10 बजे से अपराह्न 1 बजे तक प्रतिष्ठा स्थापना, हवन, श्रृंगार-आरती, भोग और प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। इसी के साथ शिवालय प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होगा।

कार्यक्रम स्थल

श्री राम-जानकी-लक्ष्मण मंदिर परिसर, ग्राम व पोस्ट-कस्बा इचौली,

निकट सीनियर बेसिक विद्यालय, हवेली पानी टंकी के पश्चिम, थाना कोतवाली टिकैतनगर, तहसील सिरौली गौसपुर, जनपद बाराबंकी (उ.प्र.)

समिति ने श्रद्धालुओं से की सहभागिता की अपील

आयोजन के निवेदक उदय शंकर श्रीवास्तव, पुत्र स्व. राम सरन दास श्रीवास्तव व समस्त परिवार ने क्षेत्रवासियों, भक्त जनों और समाज के सभी वर्गों से इस पावन अवसर पर सम्मिलित होकर दिव्य अनुष्ठानों का लाभ लेने की अपील की है।

# उप्र में शिक्षा का 'नवारम्भ' : मुख्य धारा से जुड़ेंगे संरक्षण गृहों के बच्चे

- बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह की नई पहल से प्रदेश में भटके हुए बच्चों की शिक्षा को आधुनिक बनाने के लिए पहली बार अभिनव प्रयोग
- बाल देखरेख संस्थाओं में प्रतिनियुक्त बेसिक शिक्षा विभाग के 46 शिक्षकों को बनाया जा रहा एक्सपर्ट
- किशोर न्याय समिति के तत्वाधान में 'कॉन्क्लेव ऑन जस्टिस फॉर चिल्ड्रेन' के अन्तर्गत एससीईआरटी ने शुरु किया प्रशिक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पहली बार बाल एवं किशोर संरक्षण गृहों के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बड़ा और अभिनव कदम उठाया गया है। महिला कल्याण विभाग, यूनिसेफ और एससीईआरटी के सहयोग से 'नवारम्भ' नाम से विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल शुरू किया गया है। इसके तहत बेसिक शिक्षा विभाग के 46 चयनित शिक्षकों को आधुनिक रूप से एक्सपर्ट बनाया जा रहा है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व और निर्देशन पर यह विशेष कार्यक्रम इस लक्ष्य के साथ शुरू किया गया है कि संरक्षण गृहों के बच्चे भी सामान्य बच्चों की तरह अपनी रुचि के अनुसार मुख्य धारा में आगे बढ़ सकें। संदीप सिंह ने कहा है कि हर बच्चे को सही दिशा दिखाना और उनका आत्मविश्वास बढ़ाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। 21 नवंबर तक चलने वाले इस विशेष कार्यक्रम में चार सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

### अभिभावक की भूमिका निभाएंगे शिक्षक

महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने बताया कि संरक्षण गृहों में रहने वाले बच्चों की जिम्मेदारी शिक्षक के कंधों पर होती है। उन्होंने कहा कि हमें इन बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह ही आत्मनिर्भर और सक्षम बनाएंगे। थोड़े प्रयास और सही मार्गदर्शन से ही वे मुख्य धारा में लौट सकते हैं।



'कॉनक्लेव ऑन जस्टिस फॉर चिल्ड्रेन' में शुभारंभ

किशोर न्याय समिति के तत्वाधान में आयोजित कॉनक्लेव ऑन जस्टिस फॉर चिल्ड्रेन के दौरान एससीईआरटी, लखनऊ में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस दौरान विशेषज्ञों ने बच्चों की मनोवैज्ञानिक जरूरतों, उनके सामाजिक वातावरण और सीखने की प्रक्रिया को समझने पर बल दिया।

### इसलिए जरूरी है 'नवारम्भ'

- संरक्षण गृहों में रहने वाले बच्चे सामान्य वातावरण से दूर हो जाते हैं
- उनमें सीखने की रफ्तार और मनोवैज्ञानिक चुनौतियां अलग होती हैं
- शिक्षक यदि इन बच्चों की विशेषताओं को समझें, तो वे तेजी से आगे बढ़ सकते हैं
- डिजिटल लर्निंग और जीवन कौशल उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने में मदद करेंगे

### इन पर रहेगा फोकस

किशोर न्याय प्रणाली

जुवेनाइल बच्चों की मानसिकता व चुनौतियां

सीखने की बाधाएं

समावेशी एवं त्वरित अधिगम

सुरक्षा और संरक्षण

डिजिटल लर्निंग

कंप्यूटेशनल थिंकिंग

शिक्षक की भूमिका और प्रभावी शिक्षण रणनीति।

### योगी सिंचाई विभाग और आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की करेंगे विस्तृत समीक्षा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को कई महत्वपूर्ण विभागीय बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। सभी बैठकें मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित होंगी। श्री योगी आज पूर्वाह्न 11:00 बजे से सिंचाई विभाग की कार्य योजनाओं की समीक्षा करेंगे। बैठक में विशेष रूप से नमामि गंगे पाइप पेयजल योजनाओं की डीपीआर/एसओआर पर विस्तार से विचार होगा। विभागीय अधिकारियों को प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तुरंत बाद आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की बैठक होगी। इसमें कानपुर, मेरठ, मथुरा और वृंदावन की अवस्थापना तथा निर्माणाधीन योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। शहरी विकास से जुड़ी प्राथमिक परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर जोर रहने की संभावना है। अपराह्न 12:30 बजे तक मुख्यमंत्री का समय आरक्षित रहेगा, जबकि शाम चार से सात बजे तक भी आरक्षित अवधि निर्धारित की गई है। इस दौरान आवश्यकतानुसार बैठकें या महत्वपूर्ण मुलाकातें हो सकती हैं।

# प्रदेश में संचालित कल्याणकारी योजनाओं से श्रमिकों को मिल रही है सामाजिक सुरक्षा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश श्रम शक्ति के मामले में समृद्ध प्रदेश है। प्रदेश में श्रमिकों कामगारों कारीगरों की भारी मात्रा में संख्या है। श्रमिकों के कल्याण के लिए उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा अनेकों योजनाएं संचालित करते हुए उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित ई-श्रम पोर्टल पर आरम्भ से अब तक 8,39,79,219 श्रमिक पंजीकृत है। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित श्रमिकों के संख्या के आधार पर उ0प्र0 देश में प्रथम स्थान पर है।

ई-श्रम एक्स ग्रेसियाः श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना संख्या-F-NO&M&16011@34@2021-SS-III (127162) दिनांक-24.08.2023 द्वारा दिनांक 26.08.2021 से दिनांक-31.03.2022 के मध्य ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित श्रमिकों के हितार्थ ई-श्रम एक्स ग्रेसिया मॉड्यूल लागू किया गया है। इस मॉड्यूल के अन्तर्गत किसी दुर्घटना में मृत हुये श्रमिक के आश्रितों को रूपये 02 लाख तथा दिव्यांगता प्राप्त श्रमिकों को रुपये 1 लाख से 2 लाख तक हितलाभ दिये जाने की व्यवस्था है। ई-श्रम एक्स ग्रेसिया माड्यूल के अन्तर्गत उ0प्र0 में दिनांक 03-08-2025 तक कुल 357 आवेदन पत्र पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुये है उक्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अब तक 205 आवेदन पत्रों पर अनुदान भुगतान की स्वीकृति दी जा चुकी है।

### प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा असंगठित कामगारों हेतु संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन (PMSYM) योजना के अंतर्गत असंगठित श्रमिक की आयु 60 वर्ष पूर्ण होने पर वृद्धावस्था की स्थिति में न्यूनतम 3,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन दिये जाने का प्राविधान है। योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से 40 वर्ष आयु के असंगठित श्रमिक पोर्टल के माध्यम से पंजीयन करा सकते है। उ0प्र0 में दिनांक-03-08-2025 तक कुल 6,95,986 श्रमिकों द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत पंजीयन कराकर वृद्धावस्था पेंशन हेतु सामाजिक सुरक्षा प्राप्त की जा चुकी है।

### नेशनल पेंशन स्कीम-ट्रेडर्स योजना

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वरोजगारियों एवं लघु व्यापारियों हेतु संचालित एन0पी0एस0-ट्रेडर्स योजना के अन्तर्गत स्वरोजगारियों एवं लघु व्यापारियों की आयु 60 वर्ष पूर्ण होने पर वृद्धावस्था की स्थिति में न्यूनतम 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन दिए जाने का प्राविधान है। योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से 40 वर्ष आयु के स्वरोजगारी एवं लघु व्यापारी पोर्टल के माध्यम से पंजीयन करा सकते है। उ0प्र0 में दिनांक-03-08-2025 तक कुल 15747 स्वरोजगारियों एवं लघु व्यापारियों द्वारा एन0पी0एस0-ट्रेडर्स योजना के अन्तर्गत पंजीयन कराकर वृद्धावस्था पेंशन हेतु सामाजिक सुरक्षा प्राप्त की जा चुकी है। उत्तर प्रदेश राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड द्वारा उ0प्र0 के समस्त ई-श्रम कार्ड धारक 83128860 असंगठित श्रमिकों को एक परिवार एक पहचान पत्र (विशिष्ट पहचान पत्र) फैमिली आईडी उपलब्ध कराये जाने हेतु उनका सम्पूर्ण डाटा ए0पी0आई0 के माध्यम से राज्य नियोजन विभाग को दिनांक-23.07.2024 को उपलब्ध कराया गया है। राज्य नियोजन विभाग के माध्यम से उ0प्र0 के कुल 70836074 ई-श्रम कार्ड धारक असगठित श्रमिको को फ़ेमिली आई-डी उपलब्ध कराई गयी। यह संख्या पात्र श्रमिकों के 100 प्रतिशत के समतुल्य है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत उ0प्र0 के कुल 83128860 श्रमिकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आच्छादित किये जाने के उद्देश्य से खाद्य एवं रसद विभाग के माध्यम से सर्वेक्षण कार्य कराया गया तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत पात्र किन्तु अनाच्छादित कुल 3518830 श्रमिकों को राशन कार्ड उपलब्ध कराते हुए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आच्छादन दिलाया गया। इस प्रकार पूर्व आच्छादन को सम्मिलित करते हुये प्रदेश के कुल 70836074 असंगठित श्रमिक उक्त अधिनियम के अन्तर्गत पात्र पाए गए है और समस्त पात्र श्रमिकों को खाद्य एवं रसद विभाग के माध्यम से राशन कार्ड उपलब्ध कराया जा चुका है। प्राप्त राशन कार्डों से श्रमिक, निर्धारित मानक के अनुसार अपना राशन निःशुल्क प्राप्त कर रहे है।

# लखनऊ में सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन पोस्टर-बैनर जलाकर जताया विरोध

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर बुधवार को समाजवादी पार्टी से जुड़े संगठनों-युवजन सभा, छात्र सभा, लोहिया वाहिनी और मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने एक संस्थान के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए पोस्टर और बैनर जलाए। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और पुलिस से कार्यकर्ताओं की तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं का कहना था कि पार्टी और उसके नेतृत्व के खिलाफ सुनियोजित दुष्प्रचार किया जा रहा है। उनका आरोप था कि समाजवादी नेतृत्व की छवि खराब करने की कोशिशें की जा रही हैं, जिसके विरोध में वे सड़क पर उतरे हैं।



प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि जनता से जुड़े अहम मुद्दों-रोजगार, महंगाई, अत्याचार और महिला सुरक्षा को दरकिनार कर अनावश्यक बहसें खड़ी की जा रही हैं। उनके अनुसार पार्टी इन मुद्दों पर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष कर रही है। हंगामे के दौरान पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की बढ़ गई। बाद में पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को उठाकर इको गार्डन की ओर ले जाकर वहां से हटाया।

# प्रधानमंत्री ने किसानों के खाते मे भेजी किसान सम्मान निधि की 21वी किस्त





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** उप निदेशक कृषि सतीश कुमार ने बताया है कि प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा कोयबतूर, तमिलनाडु से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वी किस्त किसानो के खाते में आन लाइन स्थानान्तरित की गयी। जिसका सजीव प्रसारण जनपद की समस्त ग्राम पंचायतो, विकास खण्ड मुख्यालय पर, जनपद में स्थित दोनो कृषि विज्ञान केन्द्रो, समस्त गन्ना एवं साधन सहकारी समितियों पर मण्डी स्थलो पर, समस्त कृषक उत्पादक संगठन के कार्यालयो, उर्वरक प्रतिष्ठानो एवं जनपद स्तर पर किया गया। जनपद स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कृषक सभागार, संभ्भागीय कृषि परीक्षण एवं प्रर्दशन केन्द, बिलग्राम चुगी, हरदोई पर किया गया।

कृषक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रेमावती, अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई द्वारा प्रतिभाग किया गया। उनके द्वारा कृषको को पराली प्रबन्धन के बारे में जानकारी दी गई। उनके द्वारा कृषक भाईयों से अपील की की कृषक फसल अवशेष को खेत में न जलाये उसे गौशाला में देकर गोबर की खाद प्राप्त कर ले, फसल अवशेष खेत में जलाने से खेत की उर्वरा शक्ति कम होती है तथा फसल की उत्पादकता में कमी आती है। अशोक कुमार सिंह, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक हरदोई द्वारा सम्बोधित करते हुये कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के 21वी किस्त जनपद के 609989 कृषको को 121.997 करोड रू0 प्रधानमंत्री के द्वारा कृषको के आधार से लिंक बैंक खाते में भेजी गई है। कृषकों को पीएम किसान सम्मान निधि से प्राप्त होने वाली धनराशि से अपनी फसल के उत्पादन के लिये बीज, उर्वरक एवं अन्य कृषि निवेश को क्रय करने में मदद मिलती है। जिससे कृषको को खेती किसानी का कार्य समय से करने में मदद मिलती है तथा उत्पादन में बढोत्तरी होती है। जिससे किसान की आय में वृद्धि होती है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि जनपद में 197 साधन सहकारी समितियों है, सभी सहकारी समितियों को क्रियाशील बनाने के प्रयास किये जा रहे है। साधन सहकारी समितियों के क्रियाशील होने पर कृषको को उचित दर पर बीज, उर्वरक एवं अन्य कृषि निवेशों को उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया गया कि जो पात्र कृषक है वे फार्मर रजिस्ट्री कराकर अपना पीएम किसान योजना में पंजीकरण कर योजना में जुड सकते है। इसी के साथ उनके द्वारा जनपद के समस्त कृषको से अपील की सभी कृषक अपना फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा ले। पीएम किसान के लाभार्थियो ब्रज मोहन, कमलेश, रिषीकान्त, राम किशन आदि को प्रमाण पत्र एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में उप कृषि निशक (शोध) राजेश कुमार, कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्रजीत यादव, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर हरदोई विनीत कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी निधि राठौर, कृषि वैज्ञानिक आर0डी0 तिवारी, कृषि महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक के साथ ही कृषि महाविद्यालय के छात्र उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यक्रमों में ग्राम प्रधान, बी0डी0सी0 सदस्यों, प्रगतिशील कृषकों, पुरस्कृत कृषको द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। जनपद के समस्त एफ0पी0ओ0 के कार्यालयों पर भी कार्यक्रम का अयोजन किया गया, जिसमें एफ0पी0ओ0 से जुडे हुये कृषको के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## किसान दिवस का आयोजन 20 नवम्बर को: सतीश कुमार पाण्डेय

**हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** उप निदेशक कृषि सतीश कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि 19 नवम्बर को मण्डीय समीक्षा बैठक होने के कारण किसान दिवस का आयोजन 20 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में किया जायेगा। उन्होने समस्त संबंधित विभाग के अधिकारियों तथा किसान यूनियनों के पदाधिकारियों से कहा है कि उक्त दिवस में निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## मंझिला थानाध्यक्ष ने संभाला कार्यभार, गिनाई प्राथमिकताएं

**हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** टोडरपुर ब्लॉक के मंझिला थाने में नवागत थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार ने बुधवार को कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने पत्रकारों से मुलाकात की और क्षेत्र की प्राथमिकताओं पर चर्चा की। थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि थाने पर आने वाले हर पीड़ित की समस्या सुनकर उसका गुणवत्तापूर्ण और तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखने को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। शराब माफियाओं पर अभियान चलाकर कड़ी नजर रखी जाएगी। आगामी होली और जुम्मे की नमाज के मद्देनजर उन्होंने लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने और किसी भी समस्या के लिए तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की। थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार मूल रूप से जनपद कानपुर देहात के निवासी हैं। वे पिछले लगभग एक वर्ष से हरदोई जनपद में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे हैं। इससे पहले उन्होंने जनपद के थाना शाहाबाद और सांडी में वरिष्ठ उपनिरीक्षक के रूप में सेवाएं दी हैं, जिसके बाद उन्हें मंझिला थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर पत्रकार सत्यपाल सिंह, सुधीर अवस्थी, कपिल मिश्रा, आमिर खान रिंकू, प्रदीप सिंह, राघवेंद्र सिंह, विजय अग्निहोत्री और मुईन खांन सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## बस हादसे में एक की मौत, रोड पर डिवाइडर से टकराकर खेत में घुसी, छह घायल

**हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** हरदोई-लखनऊ मार्ग पर बुधवार को हरदोई से लखनऊ की ओर जा रही एक बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और सड़क किनारे खेत में जा घुसी। इस दुर्घटना में एक अज्ञात पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार तेज गति में थी। अचानक चालक का नियंत्रण खो गया, जिससे वाहन डिवाइडर से टकराकर पलट गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वह खेत में कई मीटर अंदर तक चली गई। घायलों में सुषमा (60), पत्नी स्वर्गीय लालता प्रसाद, निवासी सन्दरिया बाग, पुरानी गला मंडी, संडीलाय छोटी बिटिया (35), पत्नी पंकज, निवासी बराडाल, सुरसाय सुशील (45), पुत्र लालता प्रसाद, निवासी सन्दरिया बाग, संडीलाय रोशन (30), पत्नी मनीष, निवासी भीठाधान, बघौलीय सुषमा (45), पत्नी राजेश, निवासी अदिलापुर माजरा भेलवा, बघौलीय और चमेली (65), पत्नी रामाश्रय, निवासी उमरी, टड़ियावां शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है और मृतक अज्ञात पुरुष की पहचान कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस हादसे के कारण क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता आज

**भरावन (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** विकासखंड भरावन के समस्त परिषदीय विद्यालयों की क्रीडा प्रतियोगिता आज बृहस्पतिवार को बी वी एम इंटर कॉलेज भरावन के प्रांगण में संपन्न होंगे जिसमें एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, वालीबाल, क्रिकेट, कुश्ती तैराकी, योग, बैडमिंटन आदि सभी विधाओं में अंडर 14 के बच्चों का चयन किया जाएगा जल्द ही चयनित बच्चे जनपद स्तर में प्रतिभा करेंगे। यह जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार त्रिपाठी ने दिया। बताया कि सभी न्याय पंचायत प्रभारी को निर्देश दिया गया है कि अपने न्याय पंचायत में विजेता बच्चों को आवश्यक रूप से प्रतिभागी करें।

## पिटाई करने वाले आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम पारा निवासी युवक को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित रामसिंह कुशवाहा पुत्र छोटेलाल के अनुसार 12 नवंबर की शाम 7 बजे वह अपने खेत से वापस आ रहा था। रास्ते में गांव निवासी देवेश पुत्र अशोक शास्त्री ने अभिषेक सिंह पुत्र अमरपाल सिंह उर्फ गुल्लू सिंह के साथ मिलकर उसे रोक लिया।विपक्षियों ने तमंचे दिखा कर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और उसी तमंचे से भविष्य में गोली मारकर हत्या कर देने की धमकी दी। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला और उसके पति को पीटकर घायल किया

**शाहाबाद (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम मंसूर नगर में एक महिला को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता रामदेवी पत्नी रामप्रताप के अनुसार 8 बजे परिवार के रामचंद्र पुत्र पन्ना ने बबलू, सोनू और रत्नेश के साथ मिलकर बंटवारे की रंजिश में उसे गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर पति उसे बचाने आया तो विपक्षियों ने पति को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दो पक्षों में फायरिंग, पुलिस ने किया इंकार

**शाहाबाद (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कोतवाली क्षेत्र के माहीबाग मोहल्ले में मंगलवार को रात दो पक्षों के बीच मामूली विवाद के चलते फायरिंग हुई। सूचना पाकर पुलिस पहुंची। दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लाई। पुलिस ने फायरिंग की बात को इनकार किया है। दोनों युवकों पर शांति भंग की कार्रवाई की गई है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला माही बाग निवासी सानू और शनब्बर के बीच किसी बात को लेकर गाली.गलौज हुआ। बात ज्यादा बढ़ने पर दोनों ने एक दूसरे पर फायरिंग कर दी। मोहल्ला वासियों ने फायरिंग की पुष्टि की है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को हिरासत में लिया। प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने बताया फायरिंग की बात पूरी तरह से अफवाह है। दोनों के बीच मारपीट और गाली गलौज हुआ। दोनों को हिरासत में लेकर शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

# ''ओं'' लेबल एवं ''सीसीसी'' कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित: जिलाधिकारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना

■ ऑनलाइन आवेदन पत्र, अन्य प्रपत्रों सहित 01 दिसम्बर जमा करें: अनुनय झा

**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने जनपदवासियों को अवगत कराया है कि निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ ने पत्र के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत द्वितीय चरण में भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट स्तर से चयनित प्रशिक्षणदायी संस्थाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के युवक/युवतियों को ''ओं'' लेबल एवं ''सीसीसी'' कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने हेतु आवेदन आमंत्रित किये है। उन्होने बताया कि उक्त प्रशिक्षण के लिए जनपद में गंगा सागर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉटी, सराय थोक पूर्वा, हरदोई कम्प्यूटर टेर्ऊनिंग इंस्टीट्यूट, नघेटा रोड निकट सेन्ट जेवियर्स स्कूल तथा टेक्निकल डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट, ओल्ड बोर्डिंग हाउस इन फ्रन्ट ऑफ यूनियन बैंक स्ट्रीट, बड़ा चौराहा को चयनित किया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा है कि ''ओं'' लेबल प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष तथा ''सीसीसी'' कम्प्यूटर प्रशिक्षण की अवधि तीन माह की होगी एवं अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य, इण्टरमीडियट उत्तीर्ण हो और अधिकतम वार्षिक आय एक लाख रूपया से अधिक न हो वह पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उ0प्र0 की वेबसाइट पर 20 नवम्बर से 01 दिसम्बर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन करें तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी एवं अन्य प्रपत्र सहित अन्तिम तिथि 01 दिसम्बर 2025 की सायं 05 बजे तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, हरदोई में अवश्य जमा करें तथा अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर- 9076600582 या 9580814326 पर सम्पर्क करें।

# किराना व्यापारी की दुकान से 24 हजार की नकदी चुराई, चोरी करते हुए किशोर की हरकत कैमरे में कैद



शाहाबाद में किराने की दुकान में चोरी करता किशोर — फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद (हरदोई)।** कोतवाली क्षेत्र के जामा मस्जिद के निकट किराना व्यापारी रमाशंकर मिश्रा की दुकान से एक किशोर ने 24,500 रुपए की नगदी पार कर दी। किराना व्यापारी पेशाब करने के लिए गया था। किशोर की चोरी करने की हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर किशोर की तलाश कर रही है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दिलेरगंज निवासी रमाशंकर मिश्र की जामा मस्जिद के निकट किराना की दुकान है।

मंगलवार को दोपहर ०3:30 बजे वह पेशाब करने के लिए चले गए। इसी बीच एक किशोर ने उनकी दुकान में एक थैली में रखी 24,500 की नगदी चोरी कर ली। किशोर की यह हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बुधवार को उन्होंने देखा तो उनकी रूपयों की थैली गायब थी। तत्काल उन्होंने सीसीटीवी फुटेज निकाले फुटेज में एक किशोर दुकान में घुसकर नगदी की थैली चोरी करते हुए दिख रहा है। किराना व्यापारी ने पुलिस को तहरीर देकर सीसीटीवी फटेज भी सौपे है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस किशोर की तलाश कर रही है। बुधवार को शाम ०5:00 बजे से चोर की हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# सरदार पटेल जयंती पर रन फॉर यूनिटी,मझिया से पिहानी तक निकाली गई रैली

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जिले के पिहानी क्षेत्र में बुधवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया। मझिया के एसएसएस इंटर कॉलेज से शुरू हुई इस रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह 'बब्बन', सांसद जय प्रकाश और विधायक श्याम प्रकाश सहित अनेक पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रगान के साथ रैली को रवाना किया।

स्कूली बच्चों, ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों, भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों ने इस आयोजन में भारी उत्साह के साथ भाग लिया। विधायक श्याम प्रकाश कार्यकर्ताओं के साथ आगे-आगे पैदल चलते दिखाई दिए, जिससे रैली में जोश बना रहा। सांसद जय प्रकाश, जिलाध्यक्ष अजीत सिंह 'बब्बन' और अन्य नेताओं ने 'सरदार पटेल अमर रहें' व 'भारत माता की जय' के नारों से माहौल को ऊर्जावान बनाया। रैली जब अपने दूसरे पड़ाव पर पहुंची, तो ब्लॉक प्रमुख कुशी बाजपेई और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जलपान कराकर स्वागत किया। इसके बाद हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं का जत्था पिहानी कस्बे की ओर बढ़ा। पिहानी पहुंचने पर मंडल अध्यक्षों और भाजपा के वरिष्ठ नेता पीयूष शुक्ला ने बैंड-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। सुभाष पार्क में जिलाध्यक्ष अजीत सिंह 'बब्बन' ने शहीद सुभाष की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद रैली ब्लॉक रोड, कटरा बाजार से होते हुए तीन बंदर पार्क पहुंची और हामिद अली इंटर कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में समाप्त हुई। कार्यक्रम में विधायक श्याम प्रकाश, जिलाध्यक्ष अजीत सिंह और मुख्य अतिथि मुकेश शर्मा ने देश की एकता, सरदार पटेल के योगदान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही विकास यात्रा पर अपने विचार व्यक्त किए। रैली के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। पूरे रूट को सीसीटीवी और कैमरों से मॉनिटर किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख रवि प्रकाश, विधायक प्रतिनिधि अनुपम मिश्र, धर्मेश मिश्रा, पंकज सिंह टेनी, विपिन मिश्रा सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्त्री शक्ति दिवस पर छात्रा सम्मान समारोह संपन्न




छात्रा को सम्मानित करती जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती — फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद (हरदोई)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्त्री शक्ति दिवस के अवसर पर छात्रा सम्मान समारोह ब्लाक सभागार शाहाबाद मे संपन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने भाग लिया।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने छात्राओं को संवोधित करते हुए कहा आज के समय मे समाजिक जीवन में नारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा नारी सशक्त हैं वो अपनी समस्त जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करती हैं। नारी सम्मान के लिए सरकार मिशन शक्ति के अंतर्गत नारियों को जागरूक करने के लिए तमाम कार्यक्रम चलाती है और महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे एसडी जनता इंटर कॉलेज, बिलक़ीश गर्ल्स इंटर कॉलेज, आदर्श इंटर कॉलेज, किरणेश सिंह इंटर कॉलेज, टीएम पब्लिक स्कूल, रामकुमार इंटर कॉलेज की मेधावी छात्राओं को अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महिला चिकित्सक पारुल गुप्ता, गन्ना समिति के अध्यक्ष रंजीत सिंह, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की अध्यक्ष रिफा खान और संयोजक प्रांशु बाजपेई, विभाग प्रमुख इखलाक खान, विभाग संगठन मंत्री किशन, विस्तारक भूपेंद्र अभाविप जिला सयोजक पुनीत, प्रियांशू सिंह, तुबा आदि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एव शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

# विजेताओं को खण्ड शिक्षाधिकारी ने किया सम्मानित



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**साण्डी (हरदोई)।** बुधवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी साण्डी सुनील सिंह ने प्राथमिक विद्यालय सैतियपुर में आयोजित सम्मान समारोह में बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथाउन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

गौरतलब है कि यह समारोह 14 नवम्बर को बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं-सुलेख, चित्रकला तथा विविध खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करने हेतु रखा गया था। खण्ड शिक्षा अधिकारी के आगमन पर कक्षा 5 की छात्राओं तनु, प्रज्ञा, राधिका, दक्षिका, नारायणी, अनुष्का और मुस्कान ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके साथ ही अन्य बच्चों ने पहाड़े एवं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अतिथि का मन मोह लिया। विद्यालय के बच्चों की उत्कृष्ट हैंडराईटिंग, रचनात्मक कला और अनुशासित प्रस्तुति ने खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील सिंह को अत्यन्त प्रभावित किया। कार्यक्रम के दौरान अन्रेक पुरस्कार वितरित किए गए, जिससे बच्चों में उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का संचार हुआ। इस अवसर पर प्रा वि सैतियापुर के प्रधानाचार्य श्री राधेश्याम पांडे सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# किसान यूनियन की महिला अध्यक्ष ने किया ऐलान, 20 नवंबर से अनिश्चितकालीन धरना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जिले में किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन तेज हो गया है। भारतीय किसान यूनियन इंडिया की जिला महिला अध्यक्ष रेखा दीक्षित ने 20 नवंबर, गुरुवार से अनिश्चितकालीन धरने की घोषणा की है। यह धरना बेनीगंज थाना क्षेत्र के कल्याणमल गांव स्थित मोटे नाथ मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। रेखा दीक्षित ने बताया कि इससे पहले यूनियन के पदाधिकारियों ने दो बार शांतिपूर्ण धरना देकर अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपे थे। ये ज्ञापन नायब तहसीलदार देवानंद और हरियावा क्षेत्राधिकारी को दिए गए थे। हालांकि, लगभग तीन महीने बीत जाने के बाद भी किसी भी मांग पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे किसानों में गहरा रोष है।

महिला अध्यक्ष के अनुसार, तहसील प्रशासन की उदासीनता और लंबित मामलों का समाधान न होने के कारण किसान अब अनिश्चितकालीन आंदोलन करने को मजबूर हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक प्रशासनिक अधिकारी मौके पर आकर सभी लंबित मांगों का निस्तारण नहीं करेंगे, तब तक कोई नया ज्ञापन नहीं दिया जाएगा और प्रदर्शन जारी रहेगा। इस आंदोलन में संयुक्त मोर्चा के कई पदाधिकारी और किसान नेता भी शामिल होंगे। रेखा दीक्षित ने चेतावनी दी है कि यदि धरने के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और स्थानीय प्रशासन की होगी। किसानों का यह आंदोलन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। 20 नवंबर को बड़ी संख्या में किसानों के इस धरने में जुटने की संभावना है।

## बोरिंग के दौरान मिट्टी धंसने से युवक की मौत

**हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** सांडी थाना क्षेत्र के भीखपुर गांव में बुधवार को बोरिंग के दौरान मिट्टी धंसने से एक युवक मलबे में दब गया। जो मलबे में दबकर 30 मिनट तक तड़पता रहा। जिसकी मौत हो गई। जेसीबी से दो घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन चला। युवक के शव को मलबा हटाकर निकाला गया। मृतक की पहचान राकेश (45) पुत्र इंद्रपाल यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, राकेश गांव से लगभग एक किमी दूर खेत पर ट्यूबवेल के लिए बोरिंग का काम कर रहे थे। इसी दौरान वह बोरिंग को नजदीक से देख रहे थे कि अचानक मिट्टी धंस गई और वह बोरिंग गड्ढे में मिट्टी और मलबे के नीचे दब गए। हादसे के बाद खेत में मौजूद मजदूरों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सांडी पुलिस और तहसील प्रशासन मौके पर पहुंचा। बोरिंग गहरी होने और मिट्टी अधिक मात्रा में दब जाने की वजह से रेस्क्यू में मुश्किल आई। करीब दो घंटे की कोशिशों और जेसीबी मशीन की मदद से मिट्टी हटाई गई। इसके बाद राकेश को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। नायब तहसीलदार यशवंत यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में इस तरह की दुर्घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। लेकिन बोरिंग कार्य के दौरान सुरक्षा उपायों पर ध्यान नहीं दिया जाता।


## इश्तहार

**न्यायालय श्रीमान् सिविल जज (जू0डि0) पश्चिमी महोदय हरदोई**

1. नीरज देवी आयु करीब 48 वर्ष पत्नी प्रमोद पाण्डेय, निवासी- ग्राम-तुसौरा, मजरा धिन्नी तुसौरा, परगना-बंगर, तहसील व जिला-हरदोई .......प्रार्थीगण

**बनाम**

1. जायदाद स्व0 गिरजा शंकर मृतक पुत्र स्व0 लक्ष्मी नरायन, निवासी- ग्राम-तुसौरा, मजरा धिन्नी तुसौरा, परगना-बंगर, तहसील व जिला-हरदोई।
2. श्रीमान् पोस्ट मास्टर महोदय, प्रधान डाक घर शहर व जिला-हरदोई।
3. श्रीमान् शाखा प्रबन्धक महोदय, शाखा आर्यावर्त ग्रामीण बैंक सुरसा, तहसील व जिला-हरदोई।
4. सरकार उ0प्र0 द्वारा जिलाधिकारी महोदय, हरदोई।
5. सर्व साधारण ..........विपक्षीगण

जायदाद..........................विपक्षीगण

प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 372 इण्डियन सक्सेशन एक्ट

100 मुकदमा नम्बर 2025

तारीख पेशी-06.12.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया है कि **नीरज देवी** ने प्राप्त कर उत्तराधिकार प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है और उक्त प्रार्थन पत्र की सुनवाई हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनाँक-06.12.2025 नियत है।

अतः जिस किसी को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बावत जायदाद **स्व0 गिरजाशंकर** मृतक की बावत जो कुछ उजर हो इस न्यायालय में दिनाँक-06.12.2025 प्रस्तुत करें, अन्यथा वाद में कोई उजर नहीं सुना जायेगा।

आज बतारीख 18.11.2025 मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय सिविल जज**
**(जू0डि0)पश्चिमी, हरदोई।**

## शेख हसीना को फांसी की सजा

बांग्लादेश एक बार फिर 70 के शुरुआती दशक वाली उथल-पुथल के दौर के गुजर रहा है। फर्क यही है कि अब पाकिस्तान उसका करीबी है और उसे बनाने वाले भारत को वह संदेह की नजर से देख रहा है। क्योंकि इस समय पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना यहां की शरणागत हैं। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी पाते हुए मौत की सजा सुनाई है। दक्षिण एशियाई देशों में राजनैतिक हत्याओं और विरोधियों को मृत्युदंड के दृष्टांत पहले भी हुए हैं। गांधीजी से लेकर जनरल आंग सान, एस.डब्ल्यू.आर.डी. भंडारनायके, जुल्फीकार अली भुट्टो, शेख मुजीबुर्ररहमान, जिया उल हक, रणसिंघे प्रेमदासा, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, बेनजीर भुट्टो जैसे कई नेताओं की उनके राजनैतिक विरोधियों ने बेरहमी से हत्या की है। इन नेताओं से पूंजीवादी, औपनिवेशिक ताकतों को चुनौती मिलती रही, या इन्होंने पश्चिमी ताकतों की कठपुतली बनने से इंकार कर दिया, जिसके जवाब में उन्हें अकाल मौत दी गई। लेकिन वह सब पिछली सदी की बातें थीं। इस नयी सदी में 2006 में सद्दाम हुसैन को फांसी पर चढ़ाया गया, तब अमेरिका की नीयत पर सवाल उठे थे कि व्यापक संहार के वे हथियार तो इराक से कभी मिले ही नहीं, जिनके शक पर समूचे इराक को बर्बाद किया गया और सद्दाम हुसैन को फांसी दी गई। लेकिन अब सदी के 25वें साल में आकर भी तीसरी दुनिया के देश ऐसी ही साजिशों का शिकार हो रहे हैं, यह देखना दुखद है।गौरतलब है कि शेख हसीना पर पिछले साल जुलाई-अगस्त में हुए विद्रोह के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोप तय किए गए थे। पिछले साल अगस्त से ही शेख हसीना भारत में निर्वासन में रह रहीं हैं। जिन हालात में उन्होंने यहां शरण ली थी, उसमें उनकी जान पर खतरा साफ नजर आ रहा था। शेख हसीना के घर पर जिस तरीके से लूटपाट हुई, उनकी निजी वस्तुओं के साथ प्रदर्शनकारियों ने अभद्रता दिखाई, उससे जाहिर हो रहा था कि बांग्लादेश में शेख हसीना किसी भी तरह सुरक्षित नहीं हैं। भारत में रहकर भी उन्होंने लंबे वक्त तक चुप्पी साधे रही और पिछले दिनों ही कुछेक मीडिया संस्थानों को अपने वक्तव्य दिए। इधर बांग्लादेश में शेख हसीना के धुर विरोधी मो.युनूस अंतरिम सरकार के मुखिया बने हुए हैं, लेकिन उनसे हालात संभाले नहीं गए। साफ नजर आ रहा है कि मो.युनूस बाहरी ताकतों के दबाव में रहकर काम कर रहे हैं। जिस पाकिस्तान से अपमान, उपेक्षा, भेदभाव और क्रूरता के कारण बांग्लादेश अलग हुआ, जिसके लिए लाखों लोगों ने कुर्बानी दी। शेख हसीना का लगभग पूरा परिवार बांग्लादेश बनाने की राह में कुर्बान हुआ, उनके पिता बंगबंधु शेख मुजीर्बुररहमान ने मौत सामने देखकर भी अपना देश नहीं छोड़ा, ऐसी तमाम कुर्बानियों का अब मखौल उड़ाया जा रहा है। पाकिस्तान की सैन्य ताकतों से बांग्लादेश चलाने वाले हाथ मिला चुके हैं।पाकिस्तान में भी सैन्य प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर संविधान संशोधन करवाकर फिर सैन्य तानाशाही बनाने का रास्ता खोल रहे हैं। पाकिस्तान के लोकतंत्र समर्थक लोग इसका विरोध कर रहे हैं। लेकिन यह सब नक्कारखाने में तूती की आवाज साबित हो रहा है। इस माहौल में अगर शेख हसीना को उन की गैर मौजूदगी में मामला चलाकर फांसी की सजा सुनाई जा रही है, तो यह आश्चर्यजनक तो नहीं है, लेकिन सावधान होने का संकेत अवश्य है। बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल इन पड़ोसी देशों की अस्थिरता, राजनैतिक उथल-पुथल हर तरह से भारत को प्रभावित करती है, क्योंकि हमारा न केवल इतिहास साझा है, बल्कि सीमाएं भी साझा हैं।गौरतलब है कि बांग्लादेश में जस्टिस मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार की अध्यक्षता वाले तीन सदस्यीय बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 ने शेख हसीना समेत तीनों अभियुक्तों को दोषी पाया है। शेख हसीना पर लगाए गए पांच में से दो मामलों में मौत की सजा दी गई है जबकि दूसरे मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई है।

**अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी पाते हुए मौत की सजा सुनाई है। दक्षिण एशियाई देशों में राजनैतिक हत्याओं और विरोधियों को मृत्युदंड के दृष्टांत पहले भी हुए हैं। गांधीजी से लेकर जनरल आंग सान, एस.डब्ल्यू.आर.डी. भंडारनायके, जुल्फीकार अली भुट्टो, शेख मुजीबुर्ररहमान, जिया उल हक, रणसिंघे प्रेमदासा, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, बेनजीर भुट्टो जैसे कई नेताओं की उनके राजनैतिक विरोधियों ने बेरहमी से हत्या की है। इन नेताओं से पूंजीवादी, औपनिवेशिक ताकतों को चुनौती मिलती रही, या इन्होंने पश्चिमी ताकतों की कठपुतली बनने से इंकार कर दिया, जिसके जवाब में उन्हें अकाल मौत दी गई। लेकिन वह सब पिछली सदी की बातें थीं।**

# विवाह के 'शादी' हो जाने की त्रासद परिणति



मनोज ज्वाला

**हिन्दू जीवन-सोपान में चार आश्रम हुआ करते हैं- ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास। दूसरे आश्रम के आरम्भ में सम्पन्न होने वाला विवाह संस्कार सर्वाधिक महत्व का संस्कार है, क्योंकि यह परिवार-संस्था एवं गृहस्थ-आश्रम की आधारशिला है। यह इस कारण से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अन्य तीनों आश्रमों- ब्रह्मचर्य-वानप्रस्थ-संन्यास का पोषण इसी गृहस्थ आश्रम से होता है, जिसका निर्माण विवाह संस्कार से ही होता है। स्पष्ट है कि प्रकारान्तर से सम्पूर्ण हिन्दू समाज की होतव्यता और भवितव्यता का आधार भी यही है- विवाह संस्कार। किन्तु दुर्भाग्य से यह भी अब हिन्दू समाज के हाथ से निकलता जा रहा है और यह 'शादी' के नाम से जाना जाने लगा है। रिलीजन-मजहब एवं फिल्म व बाजार के चतुष्कोणीय आक्रमण से विकृत होते-होते अपनी उपादेयता खोता जा रहा है विवाह संस्कार। मैं ऐसा इस कारण से कह रहा हूं क्योंकि विवाह की प्रक्रिया में अब वैदिक संस्कार-तत्व एवं धार्मिक विधि-विधान उपेक्षित होते जा रहे हैं और अवैदिक-अवांछित-अधार्मिक अनिष्टकारी उपादान प्रतिष्ठित कर दिये जाने लगे हैं। सबसे पहली अवांछनीयता तो उसका रात में संपन्न किया जाना है। विवाह विशुद्ध वैदिक यज्ञ है और कोई भी यज्ञ रात में किया जाना वेद-विरुद्ध होने के कारण सर्वथा वर्जित है। मुगलकालीन आपद्धर्म धारण किये जाने से पहले; अर्थात प्राचीन काल से अब तक विवाह कर्म भुवन भास्कर सूर्यदेव के प्रकाश तथा अग्नि की साक्षी में ही होते रहे, जिसे परिणयन अथवा पाणिग्रहण कहा जाता रहा है; जबकि 'शादी' का उल्लेख समस्त वैदिक वांग्मय में कहीं भी नहीं है।**

हिन्दू समाज रिलीजन व मजहब के अधार्मिक संक्रमण से बुरी तरह संक्रमित होता हुआ अनजाने में ही बहुविधि अवांछित रूपान्तरण के दौर से गुजर रहा है। वेद-विदित वैज्ञानिक जीवन-पद्धति-संस्कृति पर आधारित यह समाज तथाकथित आधुनिक शिक्षण एवं बाजार के अतिक्रमण और फिल्मी अपसंस्कृति के अंधानुकरण की प्रवृति का शिकार होता हुआ अपनी अस्मिता और मौलिकता खोता जा रहा है। समाज का यह परिवर्तन-रूपान्तरण भाषा-भूषा, बोल-चाल, रहन-सहन, रीति-रिवाज के स्तर पर ही नहीं; अपितु अब तो इसके मूल धार्मिक विधियों-कर्मकाण्डों तक सर्वत्र देखा जा रहा है। क्रिश्चियनिटी नामक रिलीजन व इस्लाम नामक मजहब से सम्बद्ध समाज का एक-एक व्यक्ति जहां अपनी अवैज्ञानिक अवधारणाओं-मान्यताओं के प्रति भी अपरिवर्तनीय रूप से कट्टरता को धारण किये हुए है, वहीं निहायत वैज्ञानिक-वैदिक अवधारणाओं पर आधारित हिन्दू समाज स्वयं ही स्वयं के अंग्रेजीकरण-मजहबीकरण को सहज स्वीकार करता हुआ पतन-पराभव की ओर बढता जा रहा है। यह तो हम सभी जानते हैं कि समस्त हिन्दू-समाज के धर्म-शास्त्रों की भाषा संस्कृत है और देश में कायम शिक्षा-व्यवस्था की मुख्य धारा से संस्कृत निष्कासित कर दी गई और अंग्रेजी प्रतिष्ठित, जिसके कारण हमारे बच्चे धर्म-संस्कृति के मूलभूत संक्षिप्त ज्ञान से भी वंचित होते जा रहे हैं, हो चुके हैं। थोडा-बहुत अगर जानते भी हैं, तो अंग्रेजी रूपों में ही; जैसे- वेद नहीं 'वेदा', योग नहीं 'योगा' धर्म नहीं 'रिलीजन' या 'मजहब' आदि की तरह। भाषा ही नहीं, हमारी भूषा भी संकट-ग्रस्त हो चुकी है- पुरुषों के धोती-कुर्ता-पगड़ी छोड पैण्ट-पतलून-टाई अपना लेने तथा स्त्रियों के साड़ी-दुपट्टा-बिन्दी-विन्यास छोड शॉर्ट शर्ट, जीन्स, पैण्ट अपना लेने और मां के आंचल की छाया से बच्चों के वंचित होते जाने पर भी यह समाज मौन है, कहीं कोई विरोध-प्रतिरोध नहीं। बोलचाल में होली-दीवाली-नवरात्रि-दशहरा के साथ 'हैप्पी' व 'मुबारक' शब्द जुड़ गए, यत्नपूर्वक ही कोई बोलता है अब 'शुभ' या 'मंगल'। परिवार 'फैमिली' हो गई, माता-पिता हो गए 'मॉम-डैड-पैरेण्ट', तो दम्पत्ति भी हो गए अब 'कपल'। हम अंतिम पीढ़ी के लोग हैं, जो काका-काकी-बुआ-फूफा, मौसी-मौसा आदि पारिवारिक सम्बन्धों का मर्म जानते हैं, हमारी पीढ़ियां इन सबसे वंचित होकर अल्पसंख्यक होते हुए कमजोर भी हो जाएंगी और एक बहुत बड़े आसन्न संकट में फंस जाएंगी। हमारे महान रीति-रिवाजों को भी रिलीजियस-मजहबी ग्रहण इस कदर ग्रसित करते जा रहे हैं कि व्यक्ति-परिवार-समाज निर्माण की परिष्करण-विधि (प्रोसेसिंग सिस्टम) के सोलह संस्कारों में से दो-चार ही बचे हैं अब, और वे भी विकृत रूपों में। जन्मदिवस तो कोई संस्कार नहीं, केवल उत्सव है, जो 'हैप्पी बर्थ डे' बोले बिना मनता ही नहीं। बाकी विवाह और अन्त्येष्टि के अलावा गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, चूड़ाकर्म (मुंडन), विद्यारंभ, कर्णवेध, यज्ञोपवीत (उपनयन), वेदारंभ, केशान्त, समावर्तन संस्कारों से तो समाज एकबारगी विमुख ही हो चुका है। इनमें से कइयों के तो वह नाम भी नहीं जानता। हिन्दू जीवन-सोपान में चार आश्रम हुआ करते हैं- ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास। दूसरे आश्रम के आरम्भ में सम्पन्न होने वाला विवाह संस्कार सर्वाधिक महत्व का संस्कार है, क्योंकि यह परिवार-संस्था एवं गृहस्थ-आश्रम की आधारशिला है। यह इस कारण से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अन्य तीनों आश्रमों- ब्रह्मचर्य-वानप्रस्थ-संन्यास का पोषण इसी गृहस्थ आश्रम से होता है, जिसका निर्माण विवाह संस्कार से ही होता है। स्पष्ट है कि प्रकारान्तर से सम्पूर्ण हिन्दू समाज की होतव्यता और भवितव्यता का आधार भी यही है- विवाह संस्कार। किन्तु दुर्भाग्य से यह भी अब हिन्दू समाज के हाथ से निकलता जा रहा है और यह 'शादी' के नाम से जाना जाने लगा है। रिलीजन-मजहब एवं फिल्म व बाजार के चतुष्कोणीय आक्रमण से विकृत होते-होते अपनी उपादेयता खोता जा रहा है विवाह संस्कार। मैं ऐसा इस कारण से कह रहा हूं क्योंकि विवाह की प्रक्रिया में अब वैदिक संस्कार-तत्व एवं धार्मिक विधि-विधान उपेक्षित होते जा रहे हैं और अवैदिक-अवांछित-अधार्मिक अनिष्टकारी उपादान प्रतिष्ठित कर दिये जाने लगे हैं। सबसे पहली अवांछनीयता तो उसका रात में संपन्न किया जाना है। विवाह विशुद्ध वैदिक यज्ञ है और कोई भी यज्ञ रात में किया जाना वेद-विरुद्ध होने के कारण सर्वथा वर्जित है। मुगलकालीन आपद्धर्म धारण किये जाने से पहले; अर्थात प्राचीन काल से अब तक विवाह कर्म भुवन भास्कर सूर्यदेव के प्रकाश तथा अग्नि की साक्षी में ही होते रहे, जिसे परिणयन अथवा पाणिग्रहण कहा जाता रहा है; जबकि 'शादी' का उल्लेख समस्त वैदिक वांग्मय में कहीं भी नहीं है। विवाह के रात्रिकालीन आयोजन के अनुचित प्रचलन के कारण अनेक अवांछनीयतायें इसमें जुड़ गई। जैसे- वर-पक्ष 'बारात' कही जाने वाली एक बड़ी भीड़ लेकर कन्या-पक्ष के घर जाने के लिए देर रात गाजे-बजे के साथ निकलता है। यह यात्रा बडी दीर्घसूत्री होती है- एक घण्टे की यात्रा उन यात्रियों की असहज हरकतों के कारण प्रायः तीन-चार घण्टे में पूर्ण होती है। अनावश्यक आतिशबाजी का शोरगुल, रंग-बिरंगे विद्युत वल्बों की कण्डिकायें सिर पर धारण किये मजदूरों का संकुल, पीछे-पीछे हानिकर धुंआ उगलते जेनरेटर के साथ डीजे-बैण्ड की कानफ़ोडू आवाज, शराब के नशे में धूत्त मनचलों का उपद्रवकारी हुजूम, तथा 'आज मेरे यार की शादी है' तो 'लौण्डिया लन्दन से लायेंगे-रात भर नचायेंगे' जैसे अश्लील-फूहड़ फिल्मी गान-धुन पर कमर हिलाते, छाती पीटते, सिर धुनते युवक-युवतियों का समूह और इन सब अशिष्ट आपत्तिजनक मर्यादाहीन कृत्यों को विवश भाव से देख-देख हर्षित होने की चेष्टा करते कतिपय संभ्रान्तजन की, बुजुर्गों की बेवशी; इस यात्रा की विशेषतायें होती हैं, जिन्हें कुल मिलाकर देखें, तो ऐसा प्रतीत होता है जैसे भांटों-बटमारों का कोई आक्रमणकारी दल कहीं किसी को जीत लेने के लिए टूट पड़ा हो। फिर कन्या के द्वार पर पहुंचकर वे वर-यात्री (बाराती) वहां घण्टों वही सब कृत्य दुहराते हैं , जहां एक ऊंचा मंच सजा हुआ होता है- कन्या को जीत लेने के लिए। 'जयमाला' या 'वरमाला' का रस्म कहे जाने वाले उस कार्यक्रम का विवाह की वैदिक रीति-विधि से कोई सम्बन्ध नहीं होता, क्योंकि उस दौरान कन्या को विविध भाव-भंगिमाओं एवं आपत्तिजनक मुद्राओं में प्रदर्शित किया-कराया जाता है; विवाह से पहले ही वर और उसके साथियों-सम्बन्धियों के द्वारा उसके 'पाणि' ग्रहण (हरण) कर लिए जाते हैं। यह सब विभिन्न मुद्राओं में उसकी फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी के लिए किये जाते हैं। ऐसे में यह सब अवांछित कृत्य करते-कराते रात के बारह-एक बज चुके होते हैं, निशिथ पहर बीत चुका होता है, तो विवाह का पूर्व-निर्धारित दिनांक-तिथि-नक्षत्र भी बदल जाते हैं, स्वरूप-स्वभाव तो पहले ही बदल चुके रहते हैं, क्योंकि ये सारे अनर्थ 'शादी' के नाम पर होते हैं। यद्यपि न तो वैदिक पंचांग में कहीं शादी लिखा हुआ होता है, न ही तत्विषयक विधि-पद्धति की पुस्तक में; तथापि पुरोहित से लेकर यजमान तक, सभी लोग विवाह को शादी ही कहने लगे हैं अब। ज्ञात हो, शादी शब्द विवाह का पर्यायवाची नहीं है। यह तो संस्कृत क्या, किसी भी भारतीय भाषा का ही शब्द नहीं है। यह अरबी भाषा के शब्द-'शाद' से बना है, जिसका अर्थ होता है- 'खुश होना-रहना'। 'शाद' से बना 'शादी' शब्द अरबी में भी विवाह का समानार्थी शब्द।नहीं है। वहां विवाह के अर्थ में 'निकाह' शब्द है, 'शादी' नहीं। और, निकाह कोई संस्कार नहीं है, अपितु मुस्लिम युवक-युवतियों के पारस्परिक सम्बन्ध का एक अनुबंध है। अरबी में शादी का अर्थ खुशी या जश्न होता है। तो इस दृष्टि से मुस्लिम समाज में निकाह-जनित खुशी के तौर पर निकाह को शादी कहा जा सकता है, तब भी मुस्लिम लोग निकाह को शादी नहीं कहते। किन्तु संस्कृत भाषा में सम्पन्न होने वाले हिन्दू-संस्कार- 'विवाह', जिसके अनेक सार्थक-सुन्दर पर्यायवाची शब्द हैं, जैसे- पाणिग्रहण, परिणयन, गठबन्धन, ब्याह आदि, को 'शादी' कहना तो घोर मूर्खता है। मेरा मानना है कि जब से विवाह को शादी कहा जाने लगा है, तभी से इसके वैदिक-धार्मिक संस्कार पक्ष का क्षरण और अवैदिक-अधार्मिक जश्नीय पक्ष का अतिक्रमण शुरू हुआ है, जो हिन्दू समाज की उदासीनता और ब्राह्मणों-पुरोहितों की उदासीनता के कारण अब तेजी से बढता जा रहा है । अब तो विवाह शब्द कहने-सुनने में भी यदा-कदा ही किसी-किसी के द्वारा प्रयुक्त होता है, अन्यथा सामान्य तौर पर अब शादी ही कहा जाने लगा है पावन विवाह संस्कार को। ऐसे में आगे विवाह को अगर 'निकाह' भी कुछ लोग कहने लगें, तो बहुत सम्भव है कि दोनों शब्दों के उच्चारण की ध्वनि-समानता के कारण अधिकतर हिन्दू उसे भी सहज स्वीकार कर लेंगे, कोई विरोध-प्रतिरोध नहीं होगा कहीं। ध्यातव्य है कि भाषा का प्रभाव व्यक्ति के विचार-व्यवहार-संस्कार को निर्धारित करता है। तभी तो भाषाविदों-मनोवैज्ञानिकों ने यह निष्कर्ष दिया हुआ है कि भाषा हमारे विचारों, भावनाओं और आचार-व्यवहार को आकार देती है। हम अपने किसी विशेष क्रिया-कर्म के लिए अपनी मातृभाषा अथवा अपने स्वधर्म से इतर अन्य किसी भाषा के शब्दों का उपयोग करते हैं, तो उन शब्दों के अर्थ के साथ-साथ उनकी संस्कृति के आचार-विचार को भी ग्रहण करने लगते हैं। यही कारण है कि विवाह के लिए शादी शब्द को अंगीकार कर लेने से हम इसके वैदिक अर्थ एवं वेदोचित आचार-विचार-संस्कार को खोते जा रहे हैं और अरबी अर्थ-आचार-विचार ग्रहण करने लगे हैं । इसे आप ऐसे समझिए कि हिन्दू संस्कृति में और संस्कृत भाषा में विवाह के विरुद्ध 'तलाक' नाम का कोई शब्द नहीं है, क्योंकि विवाह तो विवाहित स्त्री-पुरुष के सात-सात जन्मों तक एक बने रहने की व्यवस्था का द्योतक है, किन्तु जब हमने विवाह के बजाय शादी को अपना लिया, तब तलाक अपने आप ही हमारे समाज में आ गया। आज हिन्दू समाज में परिवार नामक संस्था के क्षरण और दाम्पत्य-विच्छेदन की जो समस्या बढ़ती जा रही है, वह विवाह के शादी हो जाने की त्रासदी से उत्पन्न दुःखद स्थिति की ही परिणति है। अतएव अनावश्यक रूप से परायी संस्कृति के शब्दों और उनसे सम्बद्ध रीतियों के अनुकरण की प्रवृति का शमन हमें करना होगा और इसके लिए ब्राह्मणों-पुरोहितों को ही आगे आना होगा। भारतीय धर्मतंत्र, हमारा अध्यात्म जगत सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती जा रही इस गम्भीर समस्या पर जल्द से जल्द लगाम लगाए, यह समय की सबसे बड़ी मांग है। समाज के मूर्धन्यों, परिवारों के मुखियाओं तथा युवक व युवतियों को इसमें पूरा सहयोग देना होगा।



**लेखक झारखण्ड से एक गंभीर चिंतक व विचारक हैं।**

# विश्व बाल दिवसः मासूमियत की रक्षा का वैश्विक संकल्प

**विश्व बाल दिवस पर विशेष**

योगेश कुमार गोयल

**संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 नवम्बर 1954 को 'विश्व बाल दिवस' मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग-अलग देशों के बच्चे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जेनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफ़ेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्तूबर 1953 में मनाया गया था। विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वीके कृष्ण मेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1954 में अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्वभर के तमाम देशों से अपील की गई थी कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई एक ऐसा दिन सुनिश्चित करें, जो सिर्फ बच्चों को ही समर्पित हो। वैसे तो बाल दिवस मनाए जाने की शुरूआत वर्ष 1925 से ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में देखें तो इसे दुनियाभर में मान्यता मिली साल 1953 में। दुनियाभर में बाल दिवस के माध्यम से लोगों को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल मजदूरी इत्यादि बच्चों के अधिकारों के प्रति जगरूक करने का प्रयास किया जाता है। माना जाता है कि सबसे पहले बाल दिवस तुर्की में मनाया गया था।**

बाल दिवस केवल भारत ही नहीं बल्कि विश्व के अधिकांश देशों में मनाया जाता है। भारत में बाल दिवस प्रतिवर्ष 14 नवम्बर को मनाया जाता है लेकिन बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह दिवस 20 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस हमें बच्चों के अधिकारों की वकालत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। इस वर्ष यह दिवस 'मेरा दिन, मेरे अधिकार' विषय के साथ मनाया जा रहा है, जो यह सुनिश्चित करने पर जोर देता है कि सभी बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा और सुरक्षित वातावरण सहित उनके मौलिक अधिकारों तक पहुंच हो। वैश्विक स्तर पर इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना, उनकी समस्याओं को हल करना, उनके कल्याण के लिए काम करना तथा अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देना है। बाल दिवस दुनियाभर में 190 से ज्यादा देशों में मनाया जाता है और अनेक देशों में इसे मनाने की तारीखें अलग-अलग हैं। जनवरी माह से लेकर दिसम्बर तक हर माह किसी न किसी देश में बाल दिवस का आयोजन होता है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 नवम्बर 1954 को 'विश्व बाल दिवस' मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग-अलग देशों के बच्चे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जेनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफ़ेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्तूबर 1953 में मनाया गया था। विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वीके कृष्ण मेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1954 में अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्वभर के तमाम देशों से अपील की गई थी कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई एक ऐसा दिन सुनिश्चित करें, जो सिर्फ बच्चों को ही समर्पित हो। वैसे तो बाल दिवस मनाए जाने की शुरूआत वर्ष 1925 से ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में देखें तो इसे दुनियाभर में मान्यता मिली साल 1953 में। दुनियाभर में बाल दिवस के माध्यम से लोगों को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल मजदूरी इत्यादि बच्चों के अधिकारों के प्रति जगरूक करने का प्रयास किया जाता है। माना जाता है कि सबसे पहले बाल दिवस तुर्की में मनाया गया था। आईए देखते हैं कि दुनियाभर में किन देशों द्वारा कब बाल दिवस मनाया जाता है। जनवरी के पहले शुक्रवार को बहामास में, 11 जनवरी को ट्यूनिशिया, जनवरी के दूसरे शनिवार को थाईलैंड, फरवरी के दूसरे रविवार कुक द्वीप समूह, नाउरू, निउए, टोकेलौ तथा केमन द्वीप समूह में, 13 फरवरी को म्यांमार, मार्च के पहले रविवार को न्यूजीलैंड, 17 मार्च को बांग्लादेश, 4 अप्रैल को चीनी ताइपे, हांगकांग, 5 अप्रैल को फिलिस्तीन, 12 अप्रैल को बोलिविया तथा हैती, 23 अप्रैल को तुर्की, 30 अप्रैल को मेक्सिको, 5 मई को दक्षिण कोरिया तथा जापान, मई के दूसरे रविवार को स्पेन तथा यूके, 10 मई को मालदीव, 17 मई को नार्वे, 27 मई को नाईजीरिया, मई के आखिरी रविवार को हंगरी, 1 जून को चीन सहित कई देशों में बाल संरक्षण दिवस के रूप में, 1 जुलाई को पाकिस्तान, जुलाई के तीसरे रविवार को क्यूबा, पनामा, वेनेजुएला, 23 जुलाई को इंडोनेशिया, अगस्त के पहले रविवार को उरुग्वे, 16 अगस्त को पैराग्वे, अगस्त के तीसरा रविवार को अर्जेन्टीना तथा पेरू, 9 सितम्बर कोस्टा रीका, 10 सितम्बर को हौण्डुरस, 14 सितम्बर को नेपाल, 20 सितम्बर को आस्ट्रिया तथा जर्मनी, 25 सितम्बर को नीदरलैंड, 1 अक्तूबर को अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला तथा श्रीलंका, अक्तूबर के पहले बुधवार को चिली, अक्तूबर के पहले शुक्रवार को सिंगापुर, 8 अक्तूबर को ईरान, 12 अक्तूबर को ब्राजील, अक्तूबर के चौथे शनिवार को मलेशिया, अक्तूबर के चौथा रविवार को आस्ट्रेलिया, नवम्बर के पहले शनिवार को दक्षिण अफ्रीका, 20 नवम्बर को अजरबैजान, कनाडा, साइप्रस, मिस्र, इथियोपिया, फिनलैंड, फ्रांस, यूनान, आयरलैंड, इजराइल, केन्या, मैसिडोनिया, नीदरलैंड, फिलीपींस, सर्बिया, स्लोवेनिया, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, त्रिनिदाद व टोबेगो, 5 दिसम्बर को सूरीनाम, 23 दिसम्बर को सूडान तथा 25 दिसम्बर कांगो गणराज्य, कैमरून तथा भूमध्यरेखीय गिनी में बाल दिवस का आयोजन किया जाता है। बहरहाल, विश्व बाल दिवस हमें यह समझने का अवसर प्रदान करता है कि बच्चों का भविष्य उनके आज पर निर्भर करता है, जिसके लिए हमें ही यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, बाल श्रम और शोषण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, बच्चों को उनकी प्रतिभा को निखारने के पर्याप्त अवसर मिलें, उन्हें सुरक्षित, स्वस्थ और पोषित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। भारत में बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए कई कानून और योजनाएं लागू हैं, जिनमें बाल श्रम निषेध और विनियमन अधिनियम 1986, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, पॉक्सो एक्ट 2012 प्रमुख रूप से शामिल हैं। मिड-डे मील योजना और आंगनबाड़ी सेवा जैसी योजनाएं भी बच्चों के पोषण और शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अपनी-अपनी सहूलियत के आधार पर विभिन्न देशों द्वारा भले ही अलग-अलग तारीखों पर बाल दिवस मनाया जाता है लेकिन हर जगह बाल दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि इसके जरिये लोगों को बच्चों के अधिकारों तथा सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा सके। बच्चों से जुड़े मुद्दों का समाधान किया जा सके।

# कौमी एकता सप्ताह के प्रथम दिन कलेक्ट्रेट व विकास भवन में दिलाई गई राष्ट्रीय एकता-सद्भाव की शपथ

- सीएम के आदेश पर पुलिस व प्रशासन ने सिर्फ दो दिन दिखाई सख्ती

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। पन्ना लाल सभागार, कलेक्ट्रेट में बुधवार को 19 नवंबर से 25 नवंबर 2025 तक मनाए जाने वाले ल्लकौमी एकता सप्ताहङ्क की शुरुआत राष्ट्रीय एकता व सद्भाव की शपथ के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड ने की। उन्होंने कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए कहा कि कौमी एकता सप्ताह धर्मनिरपेक्षता, अहिंसा, भाषाई सौहार्द, विरोधी सांप्रदायिकता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। कमजोर व अल्पसंख्यक वर्गों के विकास तथा महिला संरक्षण जैसे मुद्दों को भी यह सप्ताह प्रमुखता से रेखांकित करता है।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सप्ताह की शुरुआत राष्ट्रीय एकता की शपथ से होती है, जो देश में सामाजिक सद्भाव और समरसता को और अधिक मजबूत बनाती है।

इसी क्रम में विकास भवन सभागार में भी राष्ट्रीय एकता व सद्भाव की शपथ दिलाई गई। यहां जिला विकास अधिकारी देव कुमार चतुर्वेदी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को एकता बनाए रखने तथा समाज में सौहार्द को बढ़ावा देने की शपथ दिलाई।

कौमी एकता सप्ताह के अंतर्गत 19 से 25 नवंबर 2025 तक जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों को भव्यता के साथ संपन्न कराने के निर्देश जिलाधिकारी गौरांग राठी ने दिए हैं।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एनआईसी के सूचना विज्ञान अधिकारी सहित कलेक्ट्रेट परिसर के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, कोर्ट के आदेश पर छह नामजद सहित 11 पर केस दर्ज

सफीपुर-उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के पीखी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुए गंभीर हमले के मामले में तीन माह बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने छह नामजद और पांच अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीखी गांव निवासी इमरान पुत्र इकबाल ने सब जूनियर डिविजन सफीपुर कोर्ट में वाद दायर कर बताया कि 20 अगस्त की शाम वह गांव के चाँद आलम पुत्र इरशाद अली के साथ बाइक से सफीपुर जा रहा था। तभी शारदा नहर के पास घात लगाए बैठे गांव के ही अब्दुल कमाल पुत्र अब्दुल सलाम, सादेकार पुत्र इसरार, इरफान पुत्र घमण्डे, समीर पुत्र सादेकार, मेराज पुत्र शाहिद अली और नजम पुत्र अब्दुल कलाम सहित पांच अज्ञात आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करते हुए असलहा की बट, चाकू और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसी दौरान सादेकार ने चाँद आलम के सिर पर चाकू से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। वहीं मेराज ने कट्टे से फायर किया, लेकिन चाँद आलम जमीन पर लेटकर किसी तरह अपनी जान बचा सका।

# 25 नवंबर को दिल्ली में अटेवा का बड़ा धरना...

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन में पीएसपीएसए उतरेगा मैदान में
- शिक्षक-कर्मचारी बोले एनपीएस असुरक्षित, सम्मानजनक बुढ़ापे के लिए ओपीएस ही एकमात्र रास्ता

उन्नाव। पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई अब निर्णायक चरण में पहुँच गई है। शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी वर्षों से नवीन पेंशन प्रणाली (एनपीएस) की असुरक्षित और अपमानजनक व्यवस्था का बोझ ढो रहे हैं, जबकि जनप्रतिनिधियों के लिए आज भी अलग और पूरी तरह सुरक्षित पेंशन व्यवस्था लागू है। यह दोहरा मानदंड कर्मचारियों के भविष्य के साथ खुला अन्याय माना जा रहा है।

इसी अन्याय के खिलाफ सशक्त आवाज उठाने के लिए पीएसपीएसए ने घोषणा की है कि संगठन 25 नवंबर को होने वाले अटेवा के दिल्ली धरने में पूर्ण सामर्थ्य के साथ शामिल होगा। अटेवा के संस्थापक विजय बंधु के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली का आंदोलन देशव्यापी रूप ले चुका है। उन्नाव अटेवा के जिला संयोजक अर्पित मिश्र और औरास ब्लॉक संयोजक प्रदीप यादव जिले भर में बड़े पैमाने पर शिक्षकों-कर्मचारियों को संगठित करने में जुटे हैं। पीएसपीएसए ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह संघर्ष निर्णायक मोड़ पर है और सरकार को कर्मचारियों की पीड़ा समझते हुए त्वरित निर्णय लेना चाहिए।

पुरानी पेंशन की जरूरत बताते हुए संजीव ने कहा कि, ल्लपेंशन केवल आर्थिक सहारा नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है। एक कर्मचारी अपने जीवन के सर्वश्रेष्ठ वर्ष सेवा में लगा देता है। कार्यकाल समाप्त होने के बाद बढ़ती महँगाई, स्वास्थ्य खर्च और उम्र की असुरक्षाएँ जीवन को कठिन बना देती हैं। एनपीएस के तहत मिलने वाली राशि भविष्य सुरक्षित करने के लिए बिल्कुल पर्याप्त नहीं है। सरकार सुरक्षित बुढ़ापे की गारंटी देने के बजाय जोखिमभरी व्यवस्था थोप रही है, जो किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। पीएसपीएसए के जिला महामंत्री प्रदीप कुमार वर्मा ने जिले के सभी शिक्षकों से अपील किया कि ल्ल25 नवंबर को दिल्ली पहुँचकर इस निर्णायक लड़ाई में शामिल हों। यह केवल पेंशन का नहीं, बल्कि हमारे भविष्य, सम्मान और सुरक्षित बुढ़ापे का प्रश्न है। पुरानी पेंशन बहाल होने तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नेताओं ने आज भी अपने लिए सुरक्षित पेंशन व्यवस्था बनाए रखी है, जबकि कर्मचारियों को असुरक्षित एनपीएस के हवाले किया गया है। यह अन्यायपूर्ण भेदभाव तुरंत समाप्त होना चाहिए। सरकार कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के बजाय जोखिम में डाल रही है और यही कारण है कि यह आंदोलन निरंतर और अधिक मजबूत होता जा रहा है।

# हत्या के प्रयास के मामले में 20 हजार का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- उप निरीक्षक पंकज शरद की अगुवाई में फरार अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

उन्नाव। कोतवाली सदर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमे में वांछित 20 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त नितिन मिश्रा को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। 08 नवंबर 2024 को उत्कर्ष अग्निहोत्री निवासी सिविल लाइन मौहारी बाग ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आशीष त्रिवेदी, नितिन मिश्रा, रोहित सोनी व एक अज्ञात व्यक्ति ने उन पर और उनके भाई विशाल अग्निहोत्री पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर किया और चाकू से हमला किया। साथ ही मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी गई।

तहरीर के आधार पर कोतवाली सदर में मुकदमा संख्या 821/24, धारा 109/115 (2)/352/351(3) बीएनएस में मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से नितिन मिश्रा फरार चल रहा था, जिस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

उपनिरीक्षक पंकज राज शरद व उपनिरीक्षक राकेश कुमार सिंह की टीम ने सोमवार को नितिन मिश्रा पुत्र सनद कुमार मिश्रा निवासी वार्ड संख्या 4, शास्त्री नगर, घाटमपुर, कानपुर नगर (मूल पताऽप्रेम गंज, सिपरी बाजार, झांसी) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## नवीन पुल पर भीषण जाम, दो घंटे ठप रहा यातायात

शुक्लागंज, उन्नाव। बुधवार की सुबह कानपुर की ओर जाने वाले यात्रियों और ड्यूटी पर निकलने वाले कर्मचारियों को एक बार फिर भारी यातायात जाम का सामना करना पड़ा। नवीन पुल पर अचानक वाहनों का दबाव बढ़ने से सुबह करीब नौ बजे भीषण जाम लग गया, जिसके कारण पुल से लेकर फोरलेन तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह से ठप रहा, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और कई लोग अपनी ड्यूटी के लिए विलंबित हो गए।सुबह के समय बाइक, कार, साइकिल, टेंपो और ई-रिक्शा जैसे विभिन्न वाहनों के एक साथ पुल पर आने से आवागमन धीमा पड़ गया। देखते ही देखते स्थिति बिगड़ गई और नवीन पुल पर जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही मिनटों में वाहनों की कतारें पुल के दोनों छोरों तक फैल गईं। इस अचानक बने जाम के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक घंटों फंसे रहे।

# मरौली खदान खंड-5 का संचालक अधिकारियों को रखता है जेब में : भाकियू मंडल अध्यक्ष

- किसानो की जमींन को बर्बाद कर रहा है खदान संचालक, नियम को रखे हैं ताक पर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। सरकार चाहे जो भी फरमान निकाल रही हो लेकिन यहाँ तो केवल फरमान गुप्ता जी का ही चलता है ऐसे में चाहे जो भी अधिकारी और नेता जो कर ले क्योंकि सरकार के सारे नियम को टाक में रखकर अवैध खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है और संचालक की मनमानी इंतनी अधिक चल रही है की उसमे अधिकारी भी अपनी चुप्पी साधे बैठे हुए हैं ᵐ अब तो ऐसे में टॉम यही सोचा जा सकता है की संचालक सरकार के फरमानों के आगे है जिसके चलते संचालक द्वारा सम्पूर्ण नियमो को टाक पर रखकर काम किया जा रहा है ᵐजबकी किसानो की जमीन की बर्बादी तो इअती अधिक की जा रही है की ऐसे में लगता है किसानो का हितैसी अब यहाँ पर कोई नही है और जिसके चलते किसान कराह रहे हैं और अपना दुखड़ा कहाँ जाकर रोये ᵐ मामला सदर तहसील के मरौली खदान खंड 5 ला हैं जहां पर संचाल की मनमानी पिछले कयी वर्षों से देखी जा रही है और नतीजा यह है की अब किसानो की जमीन को रौंदकर संचालक मोरंग की निकासी कर रहे हैं ᵐ वही सरकार द्वारा खनन करने के नियमो को पहले से ही खदान संचालक को बता दिया जाता है जिसके चलते सभी शर्तों के तहत ही खदान में मोरंग की निकासी की जा सकती है अब ऐसे में संचालक को सभी नियमो को मालुम रहता है सिअके बाद भी संचालक द्वारा अपनी मनमानी ढंग से नदी का सीना चीर कर लाल सोना निकाला जाता है जिसको लेकर सरकार की बदनामी भी जोरो से हो रही है अब ऐसे में यही अंदाजा लगाया जा सकता है की अब चाहे जो हो जाए लेकिन हम तो अपनी मन की मर्जी से ही काम को करेंगे और अवैध तरीके से मोरंग की निकासी करके ही अपना काम करते रहेंगे।

### पहले भी इसी खदान पर कयी लाख रुँपये का जुर्माना और मिला था अवैध खनन

सदर तहसील के इसी खदान में पिछले सत्र में अवैध खनन मिला था और लाखों रुँपये का जुर्माना किया गया था लेकिन इसके बाद भी यहाँ के संचालक द्वारा अवैध खनन और नियम की धज्जियां उडायी जा रही है और इसके बाद भी खनिज विभाग इस अपनी चुप्पी साधे हुए है और नतीजन यह है की सरकार को करोडो रुँपये की चपत लगायी जा रही है और स्थानीय अधिकारी इस पर अपना ध्यान आकर्षित नही कर पा रहे हैं ᵐ जबकी इस खदान से नियम की धज्जियों की बात करें तो प्रतिदिन सैकड़ों ट्रक ओवर लोड मोरंग भरकर निकल रहे हैं और यही नहीं स्थानीय अधिकारियों को भी इस बात को लेकर मालुम है लेकिन इसके बाद भी इस पर कार्यवाही कर पाने में अधिकारी सक्षम नही है और सरकार को ब हारी चपत लगायी जा रही है।

### रास्ते से निकलते हैं मोरंग के ट्रक वहाँ के कहते की हो रही बर्बादी : भाकियू मंडल अध्यक्ष

भारतीय किसान यूनियन के बांदा मंडल अध्यक्ष बलराम तिवारी का कहना है की सरकार के नियमों को इस खदान संचालक द्वारा खुलेआम धज्जियां उड़ायी जा रही है जबकी नियम यह है की कोई भी बाहन अगर मोरंग भरकर निकले तो खेत रास्ते में उसे पहले मोरंग भरवाने के बाद उसे उस ट्रक के ऊपर एक त्रिपाल भी लगानी चाहिए जिससे उस रास्ते में जो भी खेत हो उसकी बर्बादी न हो लेकिन ऐसा खदान संचालक नही करते हैं और खेत की बरबादी किये हुए हैं जिससे किसान बेहद परेशान है।

# ग्राम खप्टिहा खुर्द की चकबंदी में भारी अनियमितताओं के आरोप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। ब्लाक जसपुरा क्षेत्र के ग्राम खप्टिहा खुर्द में जारी चकबंदी कार्य को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने चकबंदी प्रक्रिया को ल्लजानलेवाङ्क बताते हुए इसे तत्काल प्रभाव से निरस्त करने और अपर आयुक्त/अपर निदेशक स्तर से स्थलीय व अभिलेखीय जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच वीडियोग्राफी के साथ कराई जाए, ताकि किसी भी तथ्य को छिपाया न जा सके। चकबंदी 2016 में शुरू, लेकिन प्रक्रियाओं में भारी गड़बड़ियों का आरोप गांव में चकबंदी धारा-4 का प्रकाशन 5 मार्च 2016 को किया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि उस समय लेखपाल प्रेमचंद, सविता, कानूनगो कामता प्रसाद, सहायक चकबंदी अधिकारी रामविलास आज़ाद,तथा चकबंदी अधिकारी शैलेंद्र कुमार और राणा प्रताप ने सर्वे, आपत्तियों, अपीलों और शिकायतों के समाधान में ल्लकोई रुचि नहीं दिखाईङ्क और कागजी हेराफ़ेरी कर किसानों का उत्पीड़न किया। ग्रामीणों का दावा है कि चकबंदी के दौरान एक किसान पुत्र महाबली निषाद को अच्छी जमीन के बदले ऊसर जमीन दिए जाने से वह मानसिक रूप से टूट गया।परिजनों के अनुसार, विभागीय अधिकारियों से समाधान न मिलने के कारण उसने आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद गांव में चकबंदी को लेकर नाराजगी और अविश्वास और गहरा गया है। ग्रामीणों के आरोप सर्वे, मालियत और भू-आंकड़ों में धांधली ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में कई गंभीर बिंदु उठाए मौके पर सर्वे व तरमीम न होने का आरोप ग्रामीणों का कहना है कि लेखपाल प्रेमचंद, सविता और कानूनगो कामता प्रसाद ने मौके पर जाकर सर्वे ही नहीं किया। तरमीम का कार्य कागजों में बैठे-बैठे किया गया। मालियत निर्धारण में पक्षपात सहायक चकबंदी अधिकारी पर आरोप है कि उन्होंने गाटा-दर-गाटा भालियत मौके पर नहीं लगाई, बल्कि कथित तौर पर दलालों, लेखपालों और कानूनगो के कहने पर कक्ष में बैठकर कर दी।ग्रामीणों का आरोप है कि कम उपजाऊ जमीन को अधिक मालियत और उपजाऊ जमीन को कम मालियत दी गई। उदाहरण के तौर पर गाटा संख्या 377 व 378, जो सड़क पर स्थित हैं, उनकी मालियत 60 पैसे लगाई गई, जबकि पीछे के कम उपजाऊ रकबे की मालियत 90 पैसे कर दी गई। समाधि, तालाब, कुआँ और पेड़ भी 'गायब'ग्रामीणों का आरोप है कि सर्वे व नकल तैयार करते समय कई महत्वपूर्ण स्थलों को नजरअंदाज किया गया पंचा की मइयादीन जैसी पुरानी समाधियाँ काट दी गईं, किसान गया प्रसाद व कालू ठेडिया के कुएँ की मालियत नहीं लगाई गई।

## जब जिले के अधिकारी नही पढा पाए पाठ तो उप परिवहन आयुक्त ने पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

बांदा। उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र झांसी के डी सिंह गौर ने मंगलवार को प्रवर्तन टीम के साथ मेडिकल तिराहे पर बिना हेलमेट चल रहे दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन कार्यवाही का नेतृत्व किया।झांसी परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त, जिनके पर्यवेक्षण में बुंदेलखंड के 7 जिलों की कमान है, झांसी से बांदा पहुंचे और परिवहन विभाग बांदा की सभी प्रवर्तन टीमों को लेकर शहर में व्यापक चेकिंग संपादित कराई। कार्यवाही में कुल 154 दोपहिया वाहनों का चालान किया गया, साथ ही वाहन चालकों की काउंसिलिंग भी गई। उप परिवहन आयुक्त ने बेहद रोचक और चुटीले अंदाज में सड़क पर चालकों से संवाद किया और उन्हें हेलमेट न लगाने के खतरे तथा हेलमेट लगाने के फायदे बताए। इस व्यापक प्रवर्तन कार्यवाही में के डी सिंह गौर के नेतृत्व में श्यामलाल एआरटीओ प्रवर्तन, राम सुमेर पीटीओ,वीरेंद्र राजभर पीटीओ मौजूद रहे।

# घर-घर जाकर मतदाताओं से सम्पर्क करें बीएलओ : डीएम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में मत देय स्थलों के संभाजन 2025 के संबंध में जिलाधिकारी जे रीभा द्वारा सांसद, विधायक एवं समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय / राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष, सचिव, प्रतिनिधियों के साथ 1200 से अधिक मतदाता वाले मत देय स्थलों की संशोधित प्रस्ताव पर दावे/ आपत्तियों/ सुझाव पर विचार विमर्श करने हेतु बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थानों की संशोधित प्रस्तावों पर दावे एवं सुझाव आमंत्रित किया। बैठक में उन्होंने बताया कि वर्तमान सभी मत देय स्थलों का संबंध ई व आरओ द्वारा सत प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया गया है। यदि कोई भवन जर्जर एवं क्षतिग्रस्त है तो उस मत देय स्थल को इस केंद्र में उपलब्ध अच्छी दशा के भवन में परिवर्तित किए जाने एवं 1200 से अधिक मतदाता वाले मत देय स्थलों का चिन्हकन किया गया है। किसी भी मतदाता को मतदान केंद्र पर दो से अधिक दूरी पर स्थित नहीं है।बैठक में उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करते हुए प्रगाढ़ मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्य को संपादित करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार धर्मेंद्र एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी तथा सांसद एवं विधायक गणों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रोजगार मेले में 84 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

कौशाम्बी। जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई सिराथू एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आज राजकीय आईटीआई सिराथू परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की कुल 07 कंपनियों ने प्रतिभाग करते हुए 84 अभ्यर्थियों का चयन किया। चयनित अभ्यर्थियों में कृष्णा मारूति में 12, एडको इंडिया में 04, एम.आर.एफ. टायर्स में 20, एस.आई.एस. सिक्योरिटी 01, श्रीराम पिस्टन में 10, टाटा मोटर्स में 29 व फियाम इंडस्ट्रीज में 08 का चयन किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 116 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।

### आदर्श नगर से गेस्ट हाउस मालिक की लग्जरी कार चोरी, सीसीटीवी में कैद चोर

शुक्लागंज-उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर में मंगलवार रात एक चौंकाने वाली वारदात सामने आई है। राजधानी मार्ग निवासी गेस्ट हाउस मालिक गंगा नारायन मिश्रा की लग्जरी कार को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। कार स्टेट बैंक के पीछे, उनके अंबिकापुरम स्थित गेस्ट हाउस के रास्ते में खड़ी थी। बुधवार सुबह जब मालिक गंगा नारायन मिश्रा गेस्ट हाउस पहुँचे, तो कार नदारद देखकर उनके होश उड़ गए।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा सूचना सं0 | 1159-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-चतुर्थ कॉल दिनांक 18.11.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | 02 वर्षों के लिए SSE/AC-SP/LKO के अधिकार क्षेत्र के तहत 1/1.5/2.0 टन क्षमता के विंडो/स्प्लिट ए.सी. प्लांट/3.0 टन तक के कैसेट ए.सी. और विभिन्न क्षमता के वॉटर कूलर का रिपेयर/रिप्लेसमेंट। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 94,75,915/- (चौरानबे लाख पचहत्तर हजार नौ सौ पन्द्रह रुपये केवल) |
| 4. | बयाना राशि | रु. 1,89,600/- (एक लाख उन्यासी हजार छः सौ रुपये केवल) |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |
| 6. | ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 11.12.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा० उत्तर रेलवे, हजरतगंज लखनऊ के कार्यालय में। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं0-1159-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-चतुर्थ कॉल दिनांक 18.11.2025

3594/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिलाधिकारी में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने सोमवार को उदयन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं इंडीकेटर्स की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक योजना की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाय। समीक्षा के दौरान पीएम सूर्यघर योजना, छात्रवृत्ति, दैनिक विद्युत आपूर्ति, निपुण भारत अभियान, पर्यटन, जल-जीवन मिशन, निराश्रित गोवंश, पोषण, कन्या सुमंगला योजना तथा नई सड़कों के निर्माण में श्रेणी सी/डी/बी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विभाग रैंकिंग में सुधार करें और प्रगति को शत-प्रतिशत स्तर तक पहुंचायें। जिलाधिकारी ने पीएम सूर्यघर योजना पर विशेष जोर देते हुए कहा कि कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करायी जाय। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को एकीकृत बागवानी मिशन के लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने तथा अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत बिल सुधार से जुड़े प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिये। निराश्रित गोवंश की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को अभियान चलाकर आवारा गोवंश को पकड़वाकर गौशालाओं में संरक्षित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना व आयुष्मान भारत योजना में लंबित मामलों पर भी असंतोष जताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में निस्तारण और कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने की गति बढ़ाने के निर्देश दिये। निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं से कहा कि जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, उन्हें तुरंत हैंडओवर किया जाए। साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसान दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सुनी किसने की समस्याएं

कौशाम्बी। किसान कल्याण केन्द्र, मंझनपुर में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकास खंडों से आए कृषकों ने भाग लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने कृषकों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील करते हुए कहा कि इससे शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन अपनाने तथा पराली न जलाने की भी अपील की। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने जैव उर्वरक के उपयोग की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रबी सत्र में बोई गई सरसों फसल में सल्फर या जिप्सम का प्रयोग करने से पौधों का विकास बेहतर होता है तथा तेल की मात्रा में वृद्धि होती है। इसी तरह डॉ. राकेश कुमार ने पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और किसानों को उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

## विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन 22 से 29 नवंबर तक

कौशाम्बी। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में जनपद की तीनों विधानसभाओं में मा. विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन 22 नवम्बर से 29 नवम्बर 2025 तक किया जाएगा। इस स्पर्धा में कुल 08 खेल विधाओं में एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबाल, फुटबॉल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिंटन आयोजित होंगी।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एकीकृत यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं0 | MPS-BSB-25 |
| कार्य का विवरण | Allotment of MPS Stall at BSB Station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14-11-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (सबसे प्रथम लॉट) | 29-11-2025 at 11:00 hrs |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 29-11-2025 at 11:30 hrs |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under :-

| SN | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date /Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | VARANASI Cantt. (BSB) | MPS-LKO-BSB-MPS-14-25-1 | BSB/1/8/MPS | 29-11-2025 at 11:30 hrs | GMU | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

3586/2025

# दो बसों की भिड़ंत, एक महिला की मौत, 35 से अधिक यात्री घायल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क







धौरहरा खीरी। थाना ईसानगर क्षेत्र के NH730 पीलीभीत-बस्ती राष्ट्रीय राजमार्ग पर रंजीतगंज पुल के पास मंगलवार रात करीब आठ बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। श्रावस्ती जा रही निजी बस (संख्या यूपी 17 टी 3958) और बहराइच की ओर से आ रही ट्रैवलर बस (संख्या एचपी 01 एबी 7779) की आमने-सामने भिड़ंत में निजी बस पलट गई। दोनों बसों के परखच्चे उड़ गए। इस भीषण दुर्घटना में नेपाल निवासी 30 वर्षीय महिला आशा देवी पत्नी फूल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 35 से अधिक यात्री घायल हो गए।टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। हादसे की गंभीरता देखते हुए धौरहरा, खमरिया और ईसानगर थाना पुलिस टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिसकर्मियों ने एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सीएचसी धौरहरा और खमरिया भेजा। वहां से 15 गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया।घायलों में नेपाल के प्रशांत डांगी (16), संगीता (42), सुदीपुन (22), चंपा (21), धनमाया (45), चीजली (60), राम बहादुर, जलवर्षा (55), जयवर्षा (50), आरती (25), रामावती (55), उमाकांत (30) सहित तीन अज्ञात व्यक्ति शामिल बताए जा रहे हैं। अधिकांश घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।सूचना मिलते ही एसडीएम धौरहरा शशिकांत मणि, तहसीलदार आदित्य विशाल और सीओ शमशेर बहादुर सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर लंबा जाम लग गया। इंचार्ज धौरहरा शिवाजी दुबे, खमरिया ओपी राय और ईसानगर थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी ने राहत कार्यों में जुटकर क्षतिग्रस्त बसों को किनारे कर यातायात बहाल कराया। इंचार्ज खमरिया ने खुद बस को किनारे करके मार्ग खोलवाया।प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से घायलों को समय पर इलाज मिल सका, जिससे कई लोगों की जान बची।

### शासन के मनसा अनुसार विद्यालय में नशा मुक्ति जन आंदोलन के तहत शपथ दिलाई गई

गोला गोकर्णनाथ खीरी। कृषक समाज इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में आज शासन की मंशा अनुरूप नशा मुक्ति भारत के अंतर्गत प्रार्थना सभा में नशा मुक्तिजन आंदोलन के तहत प्रधानाचार्य द्वारा शपथ दिलाई गई, जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार ने बताया कि नशा विनाश का द्वार है नशा से किसी का भी दुख दर्द कम नहीं होता है बल्कि नशा धीरे-धीरे उस व्यक्ति को समाप्त कर देता है नशे हमारे शरीर में शरीर के अंगों को नुकसान पहुंचाते हैं समय से पहले बुढ़ापा आना मानसिक तनाव चिंता अवसाद आत्महत्या के विचार को प्रचलित करता है परिवार और समाज से दूरी अपराध बढ़ाने में प्रेषित करता है स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा बन चुकी है जो पूरी दुनिया में लाखों लोगों को प्रभावित कर रहा है राष्ट्रीय सेवा योजना एनसीसी स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा जागरूकता अभियान एवं रैली फैला कर नशे को दूर किया जाएगा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का काम करें।

# पत्र समूहों को समुदाय में एडवोकेसी पर कार्य करना होगा : विपिन पाण्डेय

- नेत्र स्वास्थ्य पर मीडिया एडवोकेसी कार्यशाला सम्पन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के सहयोग से गोला के स्थानीय होटल में मीडिया एडवोकेसी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मीडिया की भूमिका को समुदाय में नेत्र स्वास्थ्य के संदेशों का प्रचार प्रसार करने पर था। संस्था के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी विपिन पाण्डेय ने कहा कि अब वह समय आ गया है की नेत्र सम्बंधित बीमारियों को दूर करने में मीडिया को एडवोकेसी करने के लिए पत्र समूह को एकजुट होना पड़ेगा और समय-समय पर समुदाय में नेत्र स्वास्थ्य के संदेशों को समाचार पत्र के माध्यम से प्रसारित करना पड़ेगा। उन्होंने बच्चों में होने वाले रेटिनोब्लास्टोमा नामक कैंसर पर विस्तार से जानकारी दी और मीडिया को जन समुदाय में आँखों में होने वाले कैंसर पर जागरूक करने पर जोर दिया।

हॉस्पिटल के डॉ अंकुर अवस्थी ने सामान्य नेत्र समस्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। संस्था के सीनियर कोऑर्डिनेटर समीर अली ने समुदाय में प्रदान की जा रही नेत्र स्वास्थ्य पर कैंपों के माध्यम से जरूरतमंद महिला, पुरुष, बच्चों को घर-घर नेत्र जांच अभियान हर घर-हर जन को आत्म सात करने पर जोर दिया। संस्था के वरिष्ठ सहयोगी अशोक सक्सेना द्वारा संस्था की इतिहास के बारे में बताते हुए कहा की हर गरीब व्यक्ति आप लोगों के द्वारा हम तक पहुंचाया जाएगा उसको नेत्र स्वास्थ्य की सारी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया की हमारा प्रण है की गरीब और जरुरतमंद लोगों को नेत्र स्वास्थ्य की सुविधा प्रदान करना है।कार्यक्रम में कैलाश श्रीवास्तव, संदीप, मोहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# खूब धूमधाम से मना वार्षिक उत्सव एवं छात्र अलंकरण समारोह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कुकरा खीरी। श्री गुरु नानक इण्टर कालेज पहाड़?पुर में वार्षिक उत्सव एवं छात्र अलंकरण समारोह बड़े ही धूम धाम से मनाया गया जिसमें 17-11-25 को तीन दिवसीय अखण्ड पाठ हुआ जिसमें छात्र एवं छात्राओं से विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ सम्मपन्न करायी गयी। विजयी छात्र एवं छात्राओं तथा कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र एवं छात्राओं को माननीय मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी द्वारा पुरस्कृत किया गया साथ ही जो वच्चे हाई स्कूल एवं इन्टर की बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय एवं अपने माता पिता का नाम रोशन किया उन्हें तथा उनके साथ उनके अभिभावको को शाल एवं बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया साथ ही शिक्षको, प्रधानाचार्यो एवं प्रबंधकों आदि शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने बाले महानुभावों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करके भविष्य में और अधिक प्रयास करने के लिए प्रेरित किया विद्यालय के प्रधानाचार्य स0 कुलवन्त सिंह चीमा के द्वारा दूर दराज से आये हुए अतियों के लिए अभार व्यक्तकरते हुए कहा कि पहाड़पुर आना किसी पर्वत सी चढ़ाई से कम नहीं इसीलिए मैं बार बार आभार व्यक्त करता हूं। आप की उपस्थिति इसी प्रकार सहयोग करते हुए शक्ति प्रदान करते रहे। विद्यालय में कार्यक्रम का संचालन श्रवण कुमार वाजपेयी तथा मोनिका राजपूत एवं छात्रा प्रतिभा राज और करीना खातून आदि ने किया इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य व प्रवन्धक तथा विद्यालय के अध्यापक राम नरेश मिश्र,संजीव मिश्र,इमरान खान, अमित मिश्र,ज्योति गुप्ता, अजय शर्मा,चन्द्र प्रकाश आदि मौजूद रहे। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र इन्टर विज्ञान वर्ग योगेश कुमार प्रथम व द्वितीय अमितेंदर कुमार।

मानविकी वर्ग गुरप्रीत कौर प्रथम ,सिमरन दीप कौर द्वितीय। कृषि विभाग- प्रथम जितेन्द्र सिंह, विश्वजीत द्वितीय - कक्षा-10 इंग्लिश मीडियम आदित्य निगम प्रथम, अनुभव गौतम द्वितीय, हिंदी मीडियम , प्रतिभा राज प्रथम, पीयूष वर्मा द्वितीय,

मेहदी प्रतिगिता - प्रथम दीपांती, अर्पणा राज द्वितीय रंगोली प्रतियोगिता,मधु अपर्णा प्रथम प्रिय शिवानी द्वितीय। आदि को शील्ड व मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

### नगर पंचायत भीरा में विश्व शौचालय दिवस पर सार्वजनिक शौचालय का शुभारंभ

भीरा खीरी। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर नगर पंचायत भीरा के वार्ड संख्या 13, शहीद भगत सिंह नगर में नव-निर्मित सार्वजनिक शौचालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। चेयरमैन सुपुत्र नन्दन शुक्ला एवं वार्ड सभासद ने फीता काटकर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार शुक्ला, सीएम फ़ेलो शिव प्रकाश, सहित नगर पंचायत के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्मित यह आधुनिक सार्वजनिक शौचालय स्थानीय क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी सुविधा प्रदान करेगा। इसके निर्माण से नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुलभ सार्वजनिक सुविधा उपलब्ध होगी। नगर पंचायत भीरा ने स्वच्छता, जनसेवा एवं नागरिक सुविधाओं को बढ़ावा देने के अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार की जनहितकारी परियोजनाएँ निरंतर जारी रहेंगी।

# कुकरा गोला मार्ग 6 माह तक के लिए बंद

## किसान एवं मजदूरों में भारी उबाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कुकरा खीरी। कुकरा से गोला मार्ग पर गन्ना व धान किसानों की सबसे अधिक आवाजाही रहती है, ठीक उसी समय क्षेत्र के प्रमुख गोला-कुकरा मार्ग को एक जर्जर पुलिया के नाम पर पूरे 6 माह के लिए बंद करने के फैसले ने किसानों,मजदूरों और परिवहनकर्ताओं में भारी उबाल पैदा कर दिया है। ग्रामीणों ने इसे सीधे-सीधे विभाग की तानाशाही,लापरवाही और किसान विरोधी मानसिकता करार दिया है। ग्राम कुकरा, ग्रंट नंबर तीन,पहाड़ नगर, पहाड़पुर, सिकंदरपुर, खंजनपुर, जटपुरा, रोशन नगर, मुंडा खजुआ, सलेमपुर,सैनपुर,बंगाली कॉलोनी, चंद्रापुर सहित तीन दर्जन से अधिक गांवों का गन्ना इसी मार्ग से प्रतिदिन चीनी मिलों एवं धान मंडी एवं सब्जी मंडी गोला तक पहुंचता है। ऐसे में इस रास्ते को बंद किया जाना किसानों की आमदनी,समय और श्रम सब पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। किसान नाराज हैं कि विभाग ने न तो समय से मरम्मत कराई, न ही कोई अग्रिम सूचना,और न ही वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया नई क्षतिग्रस्त नहीं हुई, बल्कि सालों से जर्जर पड़ी थी,मगर विभाग ने आंखें मूंदे रखीं। आज जब हजारों किसानों का गन्ना कटकर एवं धान तैयार है, तब विभाग अचानक जागा और सड़क बंद कर दी, जिसे लोग एक योजनाबद्ध लापरवाही बता रहे हैं, जिसका खामियाजा अब आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। गरीब मजदूर किसान पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के.के यादव ने विभाग पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह निर्णय किसान विरोधी ही नहीं,बल्कि खुलेआम मनमानी है। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तत्काल वैकल्पिक मार्ग नहीं बनाया गया और किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो गरीब मजदूर किसान पार्टी बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी।

### कोतवाली सदर में मैरिज लॉन संचालकों की बैठक, 10 बजे के बाद डीजे बंद करने के कड़े निर्देश

लखीमपुर खीरी। कोतवाली सदर में शहर के सभी मैरिज लॉन मालिकों और प्रबंधकों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने की। इस दौरान उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों एवं एसडीएम कार्यालय से प्राप्त निर्देशों का विस्तृत विवरण देते हुए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए। प्रभारी निरीक्षक ने स्पष्ट कहा कि विवाह समारोहों में डीजे बजाने की अनुमति रात 10 बजे तक ही मान्य है। 10 बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में डीजे नहीं बजेगा। नियमों के अनुपालन हेतु प्रत्येक आयोजनकर्ता से लिखित सहमति पत्र व हस्ताक्षर लिए जाएँगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि निर्धारित समय के बाद डीजे बजता मिला तो संबंधित आयोजक एवं मैरिज लॉन संचालक दोनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नियम उल्लंघन पर किसी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी।

# वार्षिक खेल प्रतियोगिता में कृष्ण गोस्वामी ने चमकाया नाम, कई स्पर्धाओं में जीते पदक



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। स्वच्छ भारत नगरीय, अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित युवा शक्ति उत्सव गोल खेल महोत्सव का आयोजन राजेंद्र गिरी स्टेडियम में आयोजित की गई प्रतियोगिता में सेट जान्स सीनियर सेकेंडर स्कूल, पंजाबी कॉलोनी के छात्र कृष्ण गोस्वामी पुत्र सत्येंद्र भारती ने शानदार प्रदर्शन कर कई स्पर्धाओं में पदक हासिल किए।प्रतियोगिता के दौरान कृष्ण गोस्वामी ने बास्केटबॉल में द्वितीय स्थान, भाला फेंक में तृतीय स्थान तथा शॉटपुट में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। उनके प्रदर्शन ने विद्यालय का नाम गर्व से ऊँचा किया। कार्यक्रम के आयोजक मुख्य अतिथि श्याम मूर्ति शुक्ला ने विजेता छात्र को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। स्टेडियम परिसर में खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। वहीं विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों ने भी कृष्ण की उपलब्धियों पर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

### मुगला खेड़ा में 58 वर्षीय बुजुर्ग महिला लापता

गोला गोकर्णनाथ खीरी। थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम मुगला खेड़ा में एक 58 वर्षीय बुजुर्ग महिला नन्ही देवी 13 नवंबर 2025 से लापता हैं। उनके बेटे दीपू ने हैदराबाद पुलिस को लिखित तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। नन्ही देवी के बेटे के अनुसार, उनकी माता 13 नवंबर को दोपहर 2 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गईं। उन्होंने अपनी रिश्तेदारी और आसपास के सभी संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। नन्ही देवी का कद 5 फुट, रंग गोरा है, और वे लाल साड़ी पहने थीं। उनका दिमागी संतुलन भी ठीक नहीं है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने 16 नवंबर 2025 को हैदराबाद पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन अभी तक उनकी माता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। इस सम्बन्ध में हैदराबाद थाना प्रभारी सुनील मलिक से बात करनी चाही तो उनका फोन भी रिसीव नहीं हुआ। नन्ही देवी के बेटे ने पुलिस से अपील की है कि उनकी माता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की जाए और उनकी तलाश शुरू की जाए।

# मैलानी पुलिस ने वांछित अभियुक्त हरिपाल उर्फ पाला को दबोचा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मैलानी खीरी। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मैलानी पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी गोला के मार्गदर्शन में थाना मैलानी पुलिस ने बुधवार को हरिपाल उर्फ पाला पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम उजागरपुर, थाना मैलानी को गिरफ्तार किया। अभियुक्त थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0440/2025 में धारा 333/76/352/351(2) बीएनएस तथा 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत वांछित चल रहा था। पुलिस ने बताया कि उसे गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई पूर्ण करने के पश्चात न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त हरिपाल उर्फ पाला पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम उजागरपुर, गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उ0नि0 योगेन्द्र सिंह, का0 आदर्श चौरसिया, का0 राजीव सागर, थाना मैलानी शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### क़ौमी एकता सप्ताह पर 5 दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर 22 से 26 नवम्बर तक

लखीमपुर खीरी। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, लखीमपुर खीरी एवं भारतीय योग संस्थान, लखीमपुर खीरी के संयुक्त तत्वावधान में क़ौमी एकता सप्ताह के अवसर पर 5 दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 22 नवम्बर से 26 नवम्बर 2025 तक गुरु नानक इंटर कॉलेज, लखीमपुर में आयोजित होगा। शिविर प्रतिदिन प्रातः 6:00 बजे से 7:30 बजे तक चलेगा, जिसमें विशेषज्ञ योग प्रशिक्षक योगासन, प्राणायाम एवं विभिन्न स्वास्थ्यवर्धक क्रियाओं का प्रशिक्षण देंगे। कार्यक्रम विशेष रूप से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, एकाग्रता बढ़ाने एवं मानसिक संतुलन प्राप्त करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। शिविर के सभी पाँचों दिन सहभागिता करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। आयोजकों ने कहा कि यह कार्यक्रम जिले में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। भारतीय योग संस्थान के क्षेत्रीय प्रधान एवं सह मीडिया प्रभारी । में शिविर में सम्मिलित होने की अपील।

### सई नदी किनारे ड्रोन से छापेमारी, 20 लीटर कच्ची शराब बरामद

उन्नाव। अवैध शराब की बिक्री और तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र ने बताया कि आबकारी निरीक्षक निशांत सिंह, क्षेत्र54 पुरवा, हमराह टीम और स्थानीय पुलिस बल के साथ थाना मौरावां क्षेत्र के ग्राम दृगपालगंज और हड़हरा में छापेमारी की गई। मुखबिर की सटीक सूचना पर टीम ने सई नदी के किनारे ड्रोन के माध्यम से तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान मौके से कुल 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई, जबकि लगभग 300 किलोग्राम लहन महुआ को वहीं नष्ट कर दिया गया। अवैध कारोबारियों पर शिकंजा जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश भी प्रदान किए गए।

### महिला आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव का बयान, रघुराज प्रताप का समर्थन

उन्नाव। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने शनिवार को उन्नाव दौरे के दौरान जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से मुलाकात कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जानी। मीडिया से बातचीत में उन्होंने दो बड़े राजनीतिक विवादों पर अपनी स्पष्ट राय रखी। रघुराज प्रताप के बयान का समर्थन दर्ज़ा प्राप्त मंत्री रघुराज प्रताप सिंह (राजा भैया) के विवादित बयान—जिसमें उन्होंने कथित रूप से कहा था कि ल्लमस्जिद, एएमयू और मदरसे से आतंकवादी निकलते हैं, इन्हें बंद कर देना चाहिए—पर प्रतिक्रिया देते हुए अपर्णा यादव ने समर्थन जताया। उन्होंने कहा, यह उन्होंने जो बोला है, कहीं न कहीं इसमें सत्यता है। हालाँकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद किसी एक धर्म से जुड़ा मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा, ल्लकहीं से भी कोई भी व्यक्ति निकल सकता है।

### डुप्लीकेट वोटरों की समस्या होगी समाप्त : संदीप कुमार

मसौली बाराबंकी। खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने बी एल ओ को आवश्यक दिशा निर्देश देते कहा कि निर्वाचन आयोग का यह एक बड़ा कदम है जिसमे किसी भी प्रकार कि कोताही नही होनी चाहिए चुनाव आयोग द्वारा संचालित यह अभियान न केवल नए मतदाताओं के पंजीकरण का अवसर देगा, बल्कि पुराने रिकार्ड का डिजिटल सत्यापन कर मतदाता सूची से डुप्लीकेट वोटरों की लंबे समस्या से चली आ रही समस्या को भी समाप्त करेगा। खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि इस अभियान का सबसे अहम पहलू यह है कि अब हर मतदाता का विवरण आल-इंडिया डेटाबेस से मिलान किया जाएगा।

# किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त पाकर खिले किसानों के चेहरे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी की गरिमामयी उपस्थिति में शुक्रवार को कृषि भवन में जनपद स्तरीय फसल अवशेष प्रबंधन गोष्ठी, रबी गोष्ठी, किसान दिवस एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त के हस्तांतरण संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचने पर जिलाधिकारी ने कृषि भवन परिसर में लगे विभिन्न विभागीय स्टॉल—मृदा परीक्षण, जैविक खेती, फसल बीमा, पीएम किसान फार्मर रजिस्ट्री, यूपी डास्क, इफको यूनिवर्सल जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी एवं उच्च तकनीक के कृषि यंत्रों—का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की।

देशभर के 9 करोड़ किसानों को मिली 18 हजार करोड़ की राशि

इस दौरान तमिलनाडु के कोयंबटूर से प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के ऑनलाइन हस्तांतरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। केंद्र सरकार ने देशभर के लगभग 9 करोड़ किसानों को करीब 18 हजार करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की। इसी क्रम में जनपद उन्नाव के लगभग 2 लाख 11 हजार किसानों को भी डिजिटल माध्यम से सम्मान राशि प्राप्त हुई।

### 30 दिन में भी सूचना न मिलने पर कस्तूरबा विद्यालयों में भ्रष्टाचार के आरोप तेज

बांदा। जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। सपा नेता पुष्पेंद्र सिंह चुनाले ने आरोप लगाया है कि उन्होंने पिछले अक्टूबर माह में बेसिक शिक्षा विभाग, बांदा से पांच अहम बिंदुओं पर सूचना मांगी थी, लेकिन निर्धारित 30 दिन बीत जाने के बाद भी जनसूचना अधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। उनका कहना है कि तय समय पर सूचना न मिलना विभाग की कार्यशैली पर बड़े सवाल खड़े करता है। सपा नेता ने कस्तूरबा विद्यालयों से संबंधित पाँच प्रमुख बिंदुओं पर सूचना मांगी थी। सभी विद्यालयों को 2022 से दी गई अग्रिम धनराशि व उसके भुगतान का ब्यौरा। सभी कस्तूरबा विद्यालयों में हास्टल मेंटिनेंस/मिलेनियस मद का व्यय विवरण। सब्जी, फल, दूध आदि सामग्री की खरीद और भुगतान की जानकारी, फर्म नाम सहित।

# सार्वजनिक शौचालय का सदर विधायक ने किया लोकार्पण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड नं0-30 बन्योटा में कोतवाली चौराहा पर अत्याधुनिक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया। जिसका अनावरण विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी के कर कमलों से किया गया जो कि आज विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर नगरवासियों को अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी महोदय द्वारा समर्पित किया गया। सार्वजनिक शौचालय में महिला सीट, विकलांग सीट, चिनड्रिन फ्रेण्डली सीट सहित 1 पुरूष सीट एवं 4 सेन्सरयुक्त यूरिनल मौजूद है। महिलाओं के उपयोग हेतु सेनेटरी नैपकीन बैडिंग मशीन, इन्सरीरेटर मशीन, हैण्ड ड्रायर सहित कूड़ेदान का उचित प्रबन्धन किया गया है। खुले में शौच मुक्त बांदा को बनाये रखने हेतु शौचालय का उपयोग करें। दृष्टिगत नगरवासियों को शतप्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण प्रणाली से अच्छादित करने हेतु नगर पालिका परिषद बांदा द्वारा 6 मिनी ट्रिपर वाहन जो कि सूखा व गीला कूड़ा संग्रहण हेतु अलग-अलग नीला एवं हरा पार्टीशन किया गया है। चेयरमैन मालती गुप्ता बासू द्वारा हरी झण्डी दिखाकर नगर पालिका से रवाना किया गया।

अवगत कराना है कि पूर्व में नगर पालिका परिषद बांदा द्वारा 31 वाडी में 31 मिनी ट्रिपर चलाये जा रहे थे जो कि घर-घर संग्रहण प्रणाली में छूट रहे घरों को कवर करने के लिए 6 मिनी ट्रिपर नगरवासियों के अनुरोध पर वार्ड सभासदों के प्रस्तावों पर नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा नगरवासियों हेतु समर्पित कर यह अपील की गयी कि कृपया सभी नगरवासी डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण हेतु चलाये जा रहे वाहनों में सूखा एवं गीला कूड़ा अलग-अलग डालकर नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में नगर पालिका परिषद बांदा को सहयोग प्रदान करे।

# गिल दूसरे टेस्ट के लिए गुवाहाटी जाएंगे: बीसीसीआई

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय कप्तान शुभमन गिल गर्दन की चोट के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए गुवाहाटी जाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन 26 वर्षीय गिल की गर्दन में अकड़न आ गई थी। वह पहली पारी में चार रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे और इसके बाद मैच में आगे नहीं खेल पाए थे। गिल को इस चोट के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। गिल की अनुपस्थिति में भारतीय टीम यह मैच 30 रन से हार गई थी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक बयान में कहा, ''शुभमन पर उपचार पर अच्छा असर हो रहा है और वह 19 नवंबर 2025 को टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे।'' उन्होंने कहा, ''बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी निगरानी करती रहेगी और दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी पर फैसला उनकी प्रगति को देखकर लिया जाएगा। गिल की दूसरे टेस्ट मैच में खेलने की संभावना बेहद कम होने के कारण ऑलराउंडर नितीश रेड्डी को राजकोट में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चल रही भारत ए की श्रृंखला से वापस बुला दिया गया है। वह सोमवार की शाम को कोलकाता में टीम से जुड़ गए थे लेकिन उन्होंने मंगलवार को वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया था। अगर गिल फिट नहीं हो पाते हैं तो उनकी जगह रेड्डी को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है।




## लक्ष्य और प्रणय सहित पांच भारतीय खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में

**सिडनी।** लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय सहित पांच भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार शुरुआत करते हुए बुधवार को यहां 475,000 डॉलर इनामी आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने चीनी ताइपे के सु ली यांग को 21-17, 21-13 से हराया, जबकि इस प्रतियोगिता में 2023 के उपविजेता प्रणय ने खराब शुरुआत से उबरते हुए पहले दौर के मैच में दुनिया के 85वें नंबर के खिलाड़ी योहानेस सौत मार्सेलिनो को 57 मिनट में 6-21, 21-12, 21-17 से हराया। लक्ष्य का अगला मुकाबला ची यू जेन या वांग त्ज़ु वेई से होगा जबकि प्रणय इंडोनेशिया के आठवें वरीय अल्वी फरहान से भिड़ेंगे। विश्व के 32वें नंबर के खिलाड़ी और इस वर्ष की शुरुआत में अमेरिकी ओपन में अपना पहला सुपर 300 खिताब जीतने वाले आयुष शेट्टी ने कनाडा के सैम युआन को 33 मिनट में 21-11, 21-15 से पराजित किया।

# डेरिल मिचेल ने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा, वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया

एजेंसी

नई दिल्ली। न्यूज़ीलैंड के बल्लेबाज़ डेरिल मिचेल ने वेस्ट इंडीज़ के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले वनडे में शतक ठोककर आईसीसी पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वह 1979 में ग्लेन टर्नर के बाद ऐसे पहले न्यूज़ीलैंड खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर-1 पोज़िशन पाई है। मिचेल ने 118 गेंदों पर 119 रन की मैच विजेता पारी खेली, जिसने उन्हें रोहित शर्मा और अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान से आगे पहुंचा दिया। रोहित महज एक रेटिंग पॉइंट से पीछे रहते हुए शीर्ष से नीचे खिसक गए। शीर्ष पर रोहित का पहला कार्यकाल केवल 22 दिन चला। बाबर आज़म नाबाद 102 रन की बदौलत एक स्थान ऊपर छलांग लगाकर छठे नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि मोहम्मद रिज़वान और फ़खर ज़मान दो-दो अर्धशतक के बाद क्रमशः 22वें और 26वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के लेग-स्पिनर अबरार अहमद 11 स्थान की बड़ी उछाल के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, हारिस रऊफ़ (23वां), जेडन सील्स (20वां) और रोस्टन चेज़ (46वां) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। दक्षिण अफ्रीका के टेम्बा बवुमा नाबाद 55 की पारी से करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि साइमन हार्मर 20 स्थान चढ़कर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के कुलदीप यादव (13वां) और रविंद्र जडेजा (15वां) के भी रैंकिंग में सुधार हुआ है। बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शांतो (34वां) और महमुदुल हसन जॉय (74वां) ने भी प्रगति की है। न्यूज़ीलैंड के टिम रॉबिनसन आठ स्थान की छलांग के साथ 15वें नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि तेज़ गेंदबाज़ जैकब डफी दूसरे स्थान पर पहुंचे हैं। मिचेल सेंटनर (18वां) और मोहम्मद नवाज़ (27वां) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है।




# रिंकू सिंह के करियर की सर्वश्रेष्ठ 176 रनों की पारी ने उत्तर प्रदेश को दिलाई बढ़त

एजेंसी

कोयंबटूर। भारतीय क्रिकेट टीम के रिंकू सिंह ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 176 रनों की पारी खेली जिससे उत्तर प्रदेश को पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने में मदद मिली और आज कोयंबटूर में तमिलनाडु के खिलाफ पांचवें दौर का एलीट ग्रुप ए रणजी ट्रॉफी मैच ड्रॉ रहा। अपनी पारी की शुरुआत नाबाद 98 रनों से करते हुए, मेहमान टीम को बढ़त हासिल करने के लिए अभी भी चार विकेट शेष रहते 117 रनों की आवश्यकता थी। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने दूसरे छोर पर अपने जोड़ीदारों को खोने के बावजूद पारी को संभाले रखा। चौथे और अंतिम दिन छह विकेट पर 339 रनों से आगे खेलते हुए, उत्तर प्रदेश ने जल्द ही अपने ओवर के दूसरे ओवर में अपने बल्लेबाज शिवम शर्मा (22) का विकेट गंवा दिया। हालाँकि, रिंकू ने कार्तिक यादव (20, 59 गेंद, 4x4) के साथ आठवें विकेट के लिए महत्वपूर्ण 59 रन जोड़े और मेहमान टीम तमिलनाडु के 455 के कुल स्कोर के करीब पहुंच गई। आकिब खान (14) के साथ नौवें विकेट के लिए 36 रन और जोड़ने के बाद, रिंकू, जिन्होंने दिन में पहले अपना नौवां प्रथम श्रेणी शतक बनाया था और बाद में नाबाद 165 रन का अपना पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी पार किया था, 247 गेंद, 17x4, 6x6 की तेज रफ़्तार से 176 रन बनाने के बाद आउट हो गए, जिससे विपक्षी खेमे पर आक्रमण का दबाव बढ़ गया, जिसने दिन में दो विकेट गंवा दिए थे। हालाँकि, वह तब आउट हुए जब मेहमान टीम को महत्वपूर्ण बढ़त और आखिरी विकेट के लिए अभी भी 13 रनों की ज़रूरत थी। आकिब खान और कुणाल त्यागी की जोड़ी ने 145.1 ओवर में 460 रन पर पारी समाप्त होने से पहले यह उपलब्धि हासिल कर ली, और उत्तर प्रदेश ने लंच के समय पहली पारी में पांच रन की बढ़त हासिल कर ली।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया, सीरीज में बनाई अजेय बढ़त

एजेंसी

नेपियर। आखिरी ओवरों में कप्तान मिचेल सैंटनर 15 गेंदो में 34 रन की आतिशी पारी, शाई होप (नाबाद 109) की शतकीय पारी पर भारी पड़ी। न्यूजीलैंड ने बुधवार को खराब मौसम से प्रभावित एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हरा दिया। इसी साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। नेथन स्मिथ ने (चार विकेट) और काइल जेमीसन (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद डेवोन कॉन्वे (90), रचिन रविंद्र (56) और टॉम लेथम (39) के शानदार प्रदर्शन का इस जीत में योगदान रहा।

248 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉन्वे और रचिन रविंद्र ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 106 रन जोड़े। 17वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने रचिन रविंद्र को आउटकर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। रचिन रविंद्र ने 46 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के लगाते हुए 56 रन बनाये। इसके बाद वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने विल यंग (11) और मार्क चैपमैन (शून्य) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। शमार स्प्रिंगर ने 26वें ओवर में डेवोन कॉन्वे को आउटकर वेस्टइंडीज की मैच में वापसी कराई। कॉन्वे ने 84 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए 90 रनों की पारी खेली। माइकल ब्रेसवेल (11) पांचवें विकेट के रूप में आउट हुये। 195 के स्कोर पर पांच विकेट गंवा चुकी न्यूजीलैंड के टॉम लेथम और कप्तान मिचेल सैंटनर ने ना केवल पारी को संभाला बल्कि तेजी के साथ रन भी बटोरे। न्यूजीलैंड ने 33.3 ओवर में पांच विकेट पर 248 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। टॉम लेथम ने 29 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 39 रन बनाये। वहीं कप्तान मिचेल सैंटनर ने 15 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 34 रनों की नाबाद पारी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से मैथ्यू फोर्ड, जेडेन सील्स, जस्टिन ग्रीव्स, रॉस्टन चेज और शमार स्प्रिंगर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप की आतिशी नाबाद शतकीय पारी के दम पर निधारित 34 ओवर में नौ विकेट पर 247 का स्कोर खड़ा किया। शाई होप ने 69 गेंदों 13 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 109 रनों की पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 15 रन के स्कोर पर जॉन कैंपबेल (15) का विकेट गंवा दिया।




## संक्षिप्त समाचार

### अभिनव देशवाल और प्रांजली धुमाल ने डेफलम्पिक्स में एयर पिस्टल मिश्रित टीम में जीता स्वर्ण

**टोक्यो।** टोक्यो में जारी 25वें समर डेफलम्पिक्स में भारतीय निशानेबाज़ों का शानदार प्रदर्शन जारी रहा, जहां अभिनव देशवाल और प्रांजली प्रशांत धुमाल ने 10मी एयर पिस्टल मिश्रित टीम इवेंट में चीनी ताइपे के या-जू काओ और मिंग-जुई हसु को 16-6 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दिन की दूसरी स्पर्धा में कुशाग्र सिंह राजावत ने 50मी राइफल प्रोन में कांस्य पदक जीता। इन पदकों के साथ भारत की शूटिंग में कुल पदक संख्या 11 हो गई है, जो अभी तक टोक्यो में भारत के जीते गए कुल पदक हैं। अभिनव और प्रांजली ने स्वर्ण पदक मैच की शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा और प्रतिद्वंद्वियों को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इससे पहले क्वालिफिकेशन में दोनों ने डेफ वर्ल्ड और ओलंपिक रिकॉर्ड की बराबरी की थी, जिसे पिछले डेफलम्पिक्स में इसी जोड़ी ने स्थापित किया था। भारतीय जोड़ी ने 569-20x का संयुक्त स्कोर किया, जिसमें अभिनव ने 287-12x (97, 95, 95) और प्रांजली ने 282-8x (95, 94, 93) स्कोर किया। दोनों निशानेबाज सोमवार को व्यक्तिगत वर्ग में भी रजत पदक जीत चुके हैं। भारत की दूसरी जोड़ी, महिलाओं की व्यक्तिगत चैंपियन अनुया प्रसाद और रुदार विनोद कुमार क्वालिफिकेशन में 553-10x के संयुक्त स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रही। अनुया ने 280-5x (93, 91, 96) जबकि रुदार ने 273-5x (92, 90, 91) स्कोर किया। ईरान के महला सामीई और बिजान गफ़ारी ने यूक्रेन के सोफिया ओलेनिच और ओलेक्ज़ेंडर कोलोडी को हराकर कांस्य पदक जीता। 50मी राइफल प्रोन में कुशाग्र सिंह राजावत ने 224.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक पर कब्ज़ा जमाया। यूक्रेन के दिमित्रो पेट्रेंको ने 251.0 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता और डेफ वर्ल्ड व ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ा, जबकि जर्मनी के कॉलिन म्यूएलर ने 245.4 के साथ रजत पदक जीता। महित संधू और नताशा जोशी कल महिलाओं की 50मी थ्री पोज़िशन्स इवेंट में हिस्सा लेंगी। महित पहले ही 10मी एयर राइफल मिश्रित टीम और व्यक्तिगत वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत जीत चुकी हैं।

### पोप ने पर्थ टेस्ट के लिए इंग्लैंड की 12 सदस्यीय टीम में बेथेल को पछाड़ा

**पर्थ।** इंग्लैंड ने एशेज के पहले टेस्ट के लिए 12 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें पूर्व उप-कप्तान ओली पोप तीसरे स्थान पर बने रहेंगे और मार्क वुड हैमस्ट्रिंग में दर्द के बाद फिट घोषित किए गए हैं। एशेज के पहले मैच के लिए 12 सदस्यीय टीमः बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, शोएब बशीर, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), मार्क वुड पोप ने लिलाक हिल में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अभ्यास मैच में 100 और 90 रनों की पारी खेलकर अपनी जगह पक्की कर ली है। इसका मतलब है कि जैकब बेथेल को एशेज में अपने पदार्पण के लिए इंतज़ार करना होगा। गौरतलब है कि स्पिनर शोएब बशीर को ऑलराउंडर विल जैक्स से आगे 12 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है, हालांकि इस लंबे ऑफ स्पिनर की जगह पक्की नहीं है। पर्थ की पिच पर घास होने की उम्मीद है, इसलिए मेहमान टीम ने वुड, जोफ्रा आर्चर, ब्रायडन कार्स और गस एटकिंसन चारों को चुनकर सीम-हेवी विकल्प बरकरार रखा है।

### एकाम्रा स्पोर्ट्स लिटरेचर फ़ेस्टिवल की शोभा बढ़ाएंगे ओलंपिक स्वर्ण विजेता और विश्व रिकॉर्ड धारक जेवियर सोतोमायर

**नयी दिल्ली।** क्यूबा के हाई-जम्पर और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता जेवियर सोतोमायर, एकाम्रा स्पोर्ट्स लिटरेचर फ़ेस्टिवल 2025 (ईएसएलएफ) के सातवें संस्करण में शामिल होंगे और पुरुषों की हाई जंप में 8 फीट की ऊंचाई पार करने वाले दुनिया के अकेले खिलाड़ी के रूप में अपने अनुभव साझा करेंगे। पैनल चर्चा में उनके साथ भारत के वर्तमान ऊंची कूद राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी (2.29 मीटर) तेजस्विन शंकर भी मौजूद रहेंगे। सोतोमायर, जिन्होंने पहली बार 1989 में 8 फीट की ऊंचाई पार की थी और 1993 में 2.45 मीटर (8 फीट श्व इंच) का वर्तमान विश्व रिकॉर्ड बनाया था, न केवल एक क्यूबाई हाई-जम्पर के रूप में अपनी यात्रा के बारे में बात करेंगे, बल्कि यह भी विस्तार से चर्चा करेंगे कि 32 वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कोई भी उनके विश्व रिकॉर्ड के करीब क्यों नहीं पहुँच पाया। भारत आने और आगामी सत्र के बारे में सोतोमायर ने कहा, ल्लएकाम्रा स्पोर्ट्स लिटरेचर फ़ेस्टिवल में शामिल होना सम्मान की बात है। पिछले सीजनों में कई विश्वस्तरीय एथलीट इसमें शामिल हो चुके हैं। मैं भारत की ट्रैक और फील्ड में प्रगति को देख रहा हूँ और टोक्यो 2020 में नीरज चोपड़ा के ओलंपिक स्वर्ण जीतने से बेहद खुश हुआ था। इस सीज़न में फिलिस्तीनी मिडिल-डिस्टेंस धावक मोहम्मद द्वेदार भी शामिल होंगे, जिन्हें हाल ही में टोक्यो विश्व चैम्पियनशिप में देखा गया था। वह दबाव में प्रतिस्पर्धा, सीमाओं के पार प्रशिक्षण और वैश्विक मंच पर फिलिस्तीन का प्रतिनिधित्व करने की वास्तविकताओं पर बात करेंगे। उनके बाद दो और अंतरराष्ट्रीय आवाज़ें मंच पर होंगीः इटालियन लेखक फ्रांको नुग्नेस, जो अपनी पुस्तक सेन्नाः द ट्रुथ में आयर्टन सेन्ना की अंतिम रेस की जांच पर चर्चा करेंगे; और क्रिकेट लेखक एवं फिल्ममेकर जैरॉड किम्बर, जो द आर्ट ऑफ बैटिंग और आधुनिक क्रिकेट को आकार देने वाले खिलाड़ियों पर गहराई से बात करेंगे। ईएसएलएफ के सातवें संस्करण में भारतीय एथलेटिक्स की नई पीढ़ी पर भी प्रकाश डाला जाएगा, जिसमें हर्डलर शौर्य अंबुरे, ट्रिपल जम्पर पूर्वा सावंत और मिडिल व लॉन्ग-डिस्टेंस रनर बुशरा खान शामिल हैं। यह तिकड़ी अपनी अब तक की यात्रा और एलीट स्तर तक पहुंचने की चुनौतियों पर चर्चा करेगी। पैरा स्पोर्ट्स के क्षेत्र में, भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता और पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त दीपा मलिक अपनी आत्मकथा ब्रिंग इट ऑन पर चर्चा के लिए हमारे साथ होंगी। इसके अलावा लेखक संदीप मेनन (सेक्रेड ग्राउंड्स) और जयदीप बसु (हू स्टोल माय फुटबॉल) भी शामिल होंगे।

# सीतारमण ने बैंकिंग,वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्र विशेषज्ञों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को नई दिल्ली में आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 के संबंध में बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्र विशेषज्ञों के साथ सातवें बजट-पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ सातवें बजट-पूर्व परामर्श इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) के सचिव, भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार और वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। केंद्रीय वित?त राज?य मंत्री पंकज चौधरी ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि आज राष?ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित बजट पूर्व बैठक में सहभागिता की। इस बैठक में बैंकिंग, वित्त और बीमा क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे। पंकज चौधरी के मुताबिक बैठक के दौरान आगामी बजट से संबंधित महत्वपूर्ण वित्तीय सुधारों, बैंकिंग, वित्त और बीमा क्षेत्र में संभावित अवसरों तथा सामने आने वाली चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि इस मंथन का सकारात्मक प्रभाव निश्चित रूप से बजट 2026 में परिलक्षित होगा।



## स्पाइसजेट ने 10 करोड़ से ज्यादा इक्विटी शेयर का किया आवंटन, 442 करोड़ रुपये का कर्ज उतारा

नयी दिल्ली। वित्तीय तंगी से जूझ रही निजी विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने विमान लीज पर देने वाली कंपनी कार्लाइल एविएशन को प्राथमिकता के आधार पर इक्विटी शेयर जारी कर 442 करोड़ रुपये का कर्ज उतार दिया है। एयरलाइंस ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उसने कार्लाइल एविएशन को 10,41,72,634 इक्विटी शेयर जारी किये हैं। प्राथमिकता के आधार पर जारी 10 रुपये अंकित मूल्य वाले ये शेयर 32.32 रुपये के प्रीमियम पर 42.32 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से जारी किये गये हैं। इससे कंपनी को 442.50 करोड़ रुपये (पांच करोड़ डॉलर) की देनदारी समाप्त करने में मदद मिली है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, स्पाइसजेट के निदेशक मंडल ने 18 नवंबर को इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। दोनों कंपनियों के बीच हुए समझौते के अनुसार, यदि कार्लाइल को इन शेयरों की बिक्री से पांच करोड़ डॉलर से अधिक की राशि मिलती है।

# व्यापार, प्रौद्योगिकी और निवेश पर उच्च स्तरीय वार्ता के लिए इजराइल जायेंगे पीयूष गोयल

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इजराइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत के निमंत्रण पर 20-22 नवंबर तक इजराइल की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। तेल अवीव की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान प्रस्तावित भारत-इजराइल मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति की समीक्षा किए जाने की उम्मीद है। गोयल के साथ सीआईआई, फिक्की, एसोचैम और स्टार्ट-अप इंडिया का एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक गोयल अपनी इस यात्रा के दौरान इजराइल के शीर्ष नेतृत्व के साथ उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। वे अपने इजराइली समकक्ष, अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत के अलावा वह कुछ अन्य मंत्रियों से भी बातचीत करेंगे। यह चर्चा व्यापार और निवेश संबंधों को मज़बूत करने, कृषि, जल, रक्षा, उभरती प्रौद्योगिकियों, जीवन विज्ञान, बुनियादी ढांचे, उन्नत विनिर्माण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने तथा स्टार्ट-अप सहित दोनों देशों के व्यवसायों के बीच बेहतर सहयोग के अवसरों की खोज पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। मंत्रालय के मुताबिक पीयूष गोयल इजराइल में 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। वहां वे द्विपक्षीय व्यापार, निवेश एवं नवाचार को बढ़ावा देने के तरीकों पर नेताओं और व्यवसाय जगत के लोगों के साथ चर्चा करेंगे। इसके साथ ही प्रस्तावित भारत-इजराइल मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति की समीक्षा की जा सकती है। गोयल भारत-इजराइल व्यापार फोरम में भाग लेंगे, जिसमें दोनों पक्षों के प्रमुख व्यापारिक संघ और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल होंगे। केंद्रीय वाणिजय एवं उद्योग मंत्री की यह यात्रा 22 नवंबर को संपन्न होगी।

## जियो के सभी 5जी यूजर्स के लिए 18 महीने तक नि:शुल्क जेमिनआई 3 एक्सेस

मुंबई। दूरसंचार सेवा प्रदाता रिलायंस जियो ने बुधवार से अपने सभी 5जी यूजर्स के लिए जियो जेमिनआई प्रो प्लान बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इस प्लान में गूगल के नये और एडवांस जेमिनआई 3 मॉडल को शामिल किया गया है, जिससे यूजर्स को और भी अच्छा एआई अनुभव मिलेगा। पहले यह ऑफर केवल युवा ग्राहकों तक ही सीमित था लेकिन अब कंपनी ने इसे सभी अनलिमिटेड 5जी यूजर के लिए उपलब्ध कराने की घोषणा की है।

कंपनी ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सभी जियो अनलिमिटेड 5जी ग्राहक 18 महीने तक जेमिनआई प्रो प्लान का मुफ्त लाभ उठा सकेंगे, जिसकी कीमत 35,100 रुपये है।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, 1,760 रुपये तक सस्ता हुआ सोना

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज जोरदार गिरावट का रुख बना है। सोना आज 1,620 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,760 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में आज 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक गिरावट दर्ज की गई है। सोने की कीमत में कमी होने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,23,650 रुपये से लेकर 1,23,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,13,340 रुपये से लेकर 1,13,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चेन्नई में आज सोने के भाव में 1,400 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,520 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिरावट आई है। वहीं, चांदी की कीमत में गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,61,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,23,800 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,13,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,23,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,13,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,23,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,13,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,24,360 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,13,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं, कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,23,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,13,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,23,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,13,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,23,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,13,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,23,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,13,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,23,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,13,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,23,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।



स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अयोध्या में कलश यात्रा के साथ शुरू होगा ध्वजारोहण का अनुष्ठान

- 25 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी फहराएंगे केसरिया धर्म ध्वज, देशभर की निगाहें अयोध्या पर
- 21 से 25 नवंबर तक चलेगा वैदिक अनुष्ठानों का क्रम, दक्षिण भारत से आए विद्वान संभालेंगे पूजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में अयोध्या ध्वजारोहण समारोह के लिए पूरी तरह सजऽधजकर तैयार हो रही है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि में भक्ति, उत्साह और उल्लास का ऐसा संगम दिखाई दे रहा है कि पूरा शहर 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा है। राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर 25 नवंबर को होने वाले ऐतिहासिक ध्वजारोहण समारोह की तैयारियां अब चरम पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति इस पर्व को और भी ऐतिहासिक बनाएगी। ध्वजारोहण समारोह का शुभारंभ मार्गशीर्ष अमावस्या के पावन अवसर पर 20 नवंबर को कलश यात्रा से होगा, जबकि समापन 25 नवंबर को विवाह पंचमी के शुभ मुहूर्त में होगा। प्रधानमंत्री मोदी स्वयं श्रीराम मंदिर शिखर पर केसरिया धर्म ध्वज फहराएंगे। देशभर की निगाहें इस क्षण का साक्षी बनने के लिए अयोध्या पर टिकी हुई हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल में डूब चुकी अयोध्या को आकर्षक रोशनी, फूलों की सजावट और भव्य रंगोलियों से सजाया गया है।



हर ओर भक्तों की भीड़ और जयकारों का माहौल है। सुबह-शाम राम धुन और मंत्रोच्चारण की गूंज से वातावरण और भी पावन हो उठा है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और एकता का भव्य प्रतीक बनने जा रहा है। देशभर के प्रमुख संतों, विद्वानों, राजनेताओं, समाजसेवियों और हजारों श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। अतिथियों के सम्मान में मंदिर परिसर में रेड कारपेट बिछाया जाएगा। 20 नवंबर को होने वाली कलश यात्रा समारोह की आधिकारिक शुरुआत करेगी। पवित्र यात्रा में 250 से अधिक महिलाएं भाग लेंगी, जो कलश लेकर मंदिर परिसर में परिक्रमा करेंगी।

काशी के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ द्वारा तय किए गए शुभ मुहूर्त में आयोजित यह यात्रा पूरे माहौल को भक्तिमय बना देगी। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम के अनुसार अयोध्या में सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए है। सीसीटीवी निगरानी, ड्रोन सर्विलांस, ट्रैफिक कंट्रोल और इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम तैनात हैं। दक्षिण भारत के प्रतिष्ठित आचार्य और विद्वान अयोध्या पहुंच चुके हैं। वे 21 नवंबर से वैदिक अनुष्ठानों की शुरुआत करेंगे। इनमें शामिल होंगे वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन, विशेष पूजन, रामऽसीता विवाह की परंपराओं का जीवंत स्वरूप ये अनुष्ठान 25 नवंबर तक लगातार चलेंगे, जिनके माध्यम से राम विवाह उत्सव की दिव्यता को पुनर्जीवित किया जाएगा। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार, 23 से 25 नवंबर तक विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी। इनमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, लोक नृत्य, भक्तिमय संगीतमय आयोजन होंगे। छह छोटे मंदिरों और सप्त मंदिरों की विशेष पूजा, इन कार्यक्रमों को देखने के लिए देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं में उत्साह चरम पर है।

# उपराष्ट्रपति से सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने की शिष्टाचार भेंट

- विश्वविद्यालय में आने के लिए किया आमंत्रित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने देश के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से दिल्ली में उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की । इस अवसर पर संस्कृत और उसके विकास से सम्बन्धित विषयों पर गहन चर्चा हुई। मुलाकात के बाद कुलपति प्रो .बिहारी लाल शर्मा ने बुधवार को बताया कि उपराष्ट्रपति ने अत्यन्त आत्मीय-भाव एवं तन्मयता के साथ शिक्षा, संस्कृत, संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं उत्तम संसदीय परम्पराओं के संरक्षण व सम्वर्धन के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति'' के आलोक में संस्कृत के प्रोत्साहन के लिए अपना अमूल्य परामर्श प्रदान किया और सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के उन्नयन में अपनी दृढ प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें विश्वविद्यालय में आने का निमंत्रण भी दिया गया। उन्होंने हमारे विश्वविद्यालय में आने के निवेदन पर गम्भीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। कुलपति प्रो. शर्मा ने बताया कि उपराष्ट्रपति की इस सदाशयता और आत्मीयता के लिए मैं अपनी ओर से एवं विश्वविद्यालय परिवार की ओर से उनका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। हमें विश्वास है कि उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन से हमारे विश्वविद्यालय का उन्नयन होगा ।

# एक पत्रिका में छपे आलेख से आक्रोशित सपा कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

नोएडा। एक पत्रिका में छपे आलेख से आक्रोशित समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को यहां फिल्मसिटी स्थित उस पत्रिका के आफिस के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस के अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। आलेख में छपा है कि ''गांधारी के श्राप ने मुलायम सिंह यादव के परिवार में उत्तराधिकारी युद्ध की भविष्यवाणी कैसे की'' इस बात को लेकर सपा के कार्यकर्ता काफी आक्रोशित हो गए। इस आलेख में एक फोटो भी लगा है, जिसमें मुलायम सिंह के दोनों हाथों को सपा परिवार के लोग खींचते हुए नजर आ रहे हैं।

# इंदिरा गांधी का नेतृत्व वह पर्वत था, जिस पर कठिन परिस्थितियां भी नहीं डाल पाती थीं असर : राघवेंद्र चौबे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री, स्व. इंदिरा गांधी की जयंती बुधवार को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ मनाई। मैदागिन स्थित राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में जिला एवं महानगर कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में जुटे कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने इस अवसर पर दुर्गा सप्तशती का विशेष, पूर्णाहुति युक्त पाठ किया। इसके बाद सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर इंदिरा गांधी के अद्वितीय योगदान को नमन किया। जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल ने कहा कि इंदिरा गांधी वह शक्ति थीं जिन्होंने भारत को संकटों से निकालकर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में खड़ा किया। इंदिरा गांधी केवल एक राजनीतिक



व्यक्तित्व नहीं, बल्कि भारत की दृढ़ता, संकल्प, अनुशासन और अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने ऐसे समय में देश को नेतृत्व दिया, जब विश्व राजनीति उथल-पुथल से गुजर रही थी, फिर भी भारत को स्थिरता, दिशा और सम्मान दिलाया। बैंक राष्ट्रीयकरण ने आर्थिक असमानता को चुनौती दी। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में उनके साहस और निर्णायक नेतृत्व ने इतिहास रच दिया। हरित क्रांति ने कृषि को मजबूत किया व किसानों को नई ताकत दी। गरीबी हटाओ जैसे संकल्प देश की बहुसंख्यक आबादी के अधिकारों की रक्षा के लिए थे। महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे ने कहा कि इंदिरा गांधी का नेतृत्व वह पर्वत था, जिस पर कठिन परिस्थितियां भी असर नहीं डाल पाती थीं। इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया में अपनी एक मजबूत, आत्मविश्वासी और निर्णायक आवाज बनायी। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में उनके निर्णय को विश्व समुदाय आज भी सम्मानपूर्वक याद करता है। उन्होंने अन्याय, आतंरिक चुनौतियों और बाहरी दबावों के आगे कभी झुकना नहीं सीखा। नारी शक्ति, राष्ट्रीय सुरक्षा, वंचितों के अधिकार, वैज्ञानिक प्रगति-हर क्षेत्र में इंदिरा गांधी ने ऐसी दिशा दी, जो आज भी प्रेरणा का स्रोत है। इसके उपरांत कांग्रेस परिवार के मनीष मोरोलिया के माता के ब्रेन हेमरेज के कारण निधन होने की सूचना पर मौन श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक प्रकट किया गया।

# रामजन्मभूमि रिपोर्ट पर संत समाज का कड़ा विरोध, अमेरिकी आयोग को 'आईना दिखाया'

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। रामजन्मभूमि को लेकर अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएस सीआईआर एफ) की हालिया रिपोर्ट ने संत समाज को उद्वेलित कर दिया है। अखिल भारतीय संत समिति ने बुधवार को इस रिपोर्ट की कड़ी निंदा करते हुए इसे भारत की सम्प्रभुता और सांस्कृतिक विरासत पर सीधा हमला करार दिया। समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेंदानन्द सरस्वती ने कहा कि यह रिपोर्ट भारत की समावेशी अस्मिता का ल्लघोर अपमानङ्क है और देश को अस्थिर दिखाने की एक साजिश का हिस्सा प्रतीत होती है। स्वामी जीतेंदानन्द ने आरोप लगाया कि 22 जनवरी 2024 को श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही कुछ अंतरराष्ट्रीय संस्थान भारत में साम्प्रदायिक वैमनस्य फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूएस सीआईआर एफ की रिपोर्ट उसी श्रृंखला का नया प्रयास है, जो यह दर्शाती है कि कुछ विदेशी ताकतें अब खुल कर भारत के विरुद्ध खड़ी हो गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत में अल्पसंख्यकों के प्रति व्यवहार पर टिप्पणी करने से पहले अमेरिका को अपने इतिहास की ओर देखना चाहिए। बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हिंदुओं की जनसंख्या में आई भारी गिरावट पर कभी कोई रिपोर्ट क्यों नहीं? उन्होंने सवाल उठाया।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**संपादक समन्वय**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
पीयूष त्रिपाठी

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# सीतापुर में अतिक्रमण हटाने के लिए बड़ी कार्रवाई की तैयारी , डीएम ने बनाई संयुक्त समिति

- कमेटी 5 दिनों में अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सीतापुर। सीतापुर जिला प्रशासन शहर में अतिक्रमण, जाम और अव्यवस्थित ट्रैफिक की समस्या को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाने की तैयारी में है। जिलाधिकारी राजा गणपति आर को पिछले कई दिनों से शहर में अतिक्रमण के बारे में अवगत कराया गया था । बुधवार को उन्होंने प्रमुख चौराहों और मुख्य मार्गों पर स्थिति सुधारने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी नगर, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर की संयुक्त समिति गठित करने की जानकारी दी। यह समिति शीघ्र ही पूरे नगर क्षेत्र का भ्रमण कर सड़क स्थिति, अतिक्रमण और ट्रैफिक बाधाओं का वास्तविक आकलन करेगी। समिति को निर्देश दिए गए हैं कि वह शहर के सभी प्रमुख चौराहों और मार्गों पर अतिक्रमण का चिन्हांकन कर व्यावहारिक समाधान सुझाए। इसके साथ ही समिति ट्रैफिक सिग्नल स्थापित किए जाने हेतु उपयुक्त स्थानों का चयन, वेन्डिंग जोन और टैक्सी स्टैंड बनाने के लिए उपयुक्त स्थल तय करने तथा नगर में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के लिए प्रमुख पॉइंट चिन्हित करने का कार्य करेगी। यातायात नियमों का बार-बार होने वाला उल्लंघन रोकने तथा उल्लंघन होने की स्थिति में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए भी समिति अपने सुझाव देगी। प्रशासन का मानना है कि समिति की कार्ययोजना लागू होने से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और सार्वजनिक मार्गों पर अनुशासन लाने में महत्वपूर्ण सुधार देखने को मिलेंगे। इस संबंध में समिति के सदस्य सीतापुर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी (श्रेणी वन) वैभव त्रिपाठी ने बताया कि अतिक्रमण को लेकर प्रशासन सख्त है। जिलाधिकारी की ओर से बनाई गई कमेटी की आज बैठक हुई । इसमें निर्णय लिया गया है कि नगर में किसी गरीब, ठेले खोमचे वालों को नहीं हटाया जाएगा, लेकिन जिन लोगों ने नालों के ऊपर अवैध कब्जा कर रखा है।

# बाराबंकी का महादेवा महोत्सव-कवियों ने राम मंदिर से लेकर राजनीति पर पढ़ी कविताएं

- देशभक्ति और प्यार की रचनाएं रहीं अधिक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में चल रहे महादेवा महोत्सव के सांस्कृतिक पांडाल में बुधवार दोपहर स्थानीय कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भरपूर आनंदित किया कवियों ने प्रख्यात अवधी कवि स्व गुरु प्रसाद सिंह मृगेश जी को भी कविताओं से याद किया। कवि शर्मेश शर्मा के संचालन में आयोजित इस कवि सम्मेलन की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। कवि सम्मेलन में कवि गोपाल त्रिपाठी राधेय ने पढ़ा- वो जो दरबार में बुलाएंगे,फिर वो किस्मत को भी चमकाएंगे, कवि मनोज मिश्रा ने पढ़ा – मेला महादेवा का लगा बड़ा भारी तो लोग आनंदित हो उठे। हरिहर दत्त ने आओ साथ साथ चले बनके सच्चे यार और कवियत्री जान्हवी ओझा ने नाश तम का जो कर देता कविता पढ़ी। सुधाकर दीक्षित मृदुल ने गर्दा उड़ा रे गठबंधन का बिहार पर कविता सुनाई तो श्रोताओं को बिहार की राजनीति याद आ गई। अयोध्या अवस्थी ने कब्बो पूजा औ पाठ करो मन से सुनाई ; इसी प्रकार सुधा सिंह ने माता कैकई के थे दुलारे प्रभु,प्रसिद्ध कवि प्रमोद पंकज ने लोक गीत गंऊआ की माटी अनमोल ,ठाकुर जी ठाकुर जी श्यामा रही बोल, कवि रोहित सरफिरा ने सुनाया दुनिया में प्यार का भरोसा नहीं करना, झूठ मूठ दीदार का भरोसा नहीं करना। शिवेश राजा ने वीर रस में पढ़ा तो लोग वाह वाह किए बिना नहीं रह पाए जबकि जगन्नाथ दीक्षित निर्दोष ने पढ़ा जब लरिका पहिन लीन खादी तव पढ़ाई को करिहै,जब डाक्टर भए आतंकवादी दवाई कौन करिहै तो खूब सराही गई और आतंकवाद पर गहरी चोट की। सम्मेलन में कवि नागेंद्र सिंह, विशाल मिश्रा, सुनील झंझटी, उपेंद्र सिंह नादान, लता श्रीवास्तव, आकाश उमंग, मुकेश मिश्रा, राज सिंह, मगन बिहारी , हर्ष , अवनेंद्र शिवराजी सहित अन्य कई कवियों ने बेहतरीन काव्य पाठ किया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल, नायब तहसीलदार विजय तिवारी, प्रमुख प्रतिनिधि शेखर हयारण, पूर्व प्रमुख आशीष सिंह सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# किसान दिवस : सीडीओ के समक्ष किसानों ने रखी समस्याएं व मांगे, निस्तारण के निर्देश

- किसान दिवस पर पराली न जलाने की किसानों से की गई अपील

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किया गया। किसानों की समस्याओं व मांगों के निस्तारण के मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए। किसान दिवस के आयोजन के बाद प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त के हस्तान्तरण का लाइव प्रसारण एवं प्रधानमंत्री का उद्बोधन का लाइव प्रसारण बैठक में उपस्थित अधिकारी व कृषकों के द्वारा देखा व सुना गया। मुख्य विकास अधिकारी ने उप कृषि निदेशक को एग्री स्टैक योजना, पराली को न जलाने का व्यापक प्रचार-प्रसार कृषकों के मध्य किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही कृषकों से अपील भी की गयी कि कृषक पराली न जलाये, कृषकों के पास अनुपयोगी पराली को निकटतम गौशालाओं को 02 ट्राली पराली दान कर निःशुल्क 01 ट्राली गोबर की खाद प्राप्ति का कृषक लाभ उठायें। कृषक कम्बाईन हार्वेस्टर से धान फसल की कटाई एसएमएम लगे कम्बाइन हार्वेस्टर से ही कटाई कराये। कृषकों के द्वारा रबी सत्र में पर्याप्त उर्वरक उपलब्धता कराये जाने की मांग की गई। भारतीय किसान यूनियन द्वारा मलवां में धान क्रय केन्द्र की स्थापना की माँग की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभागध्यक्षों को कृषकों द्वारा किसान दिवस में उपलब्ध कराये गये प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। उप कृषि निदेशक सत्येद्र सिंह द्वारा कृषकों से धान फसल की पराली को न जलाने, पराली प्रबन्धन करने व पराली को निकटतम गौशालाओं को दान करने की अपील की गयी। पराली के प्रबन्धन के लिए उन्नतशील कृषि यंत्र जैसे सुपरसीडर, हैप्पी सीडर आदि का प्रयोग कर पराली प्रबन्धन किये जाने तथा फार्मर रजिस्ट्री को कराये जाने की अपील की गयी। दमुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा0 वेदवृत्त गंगवार द्वारा पशुपालन विभाग में संचालित बकरी, पशुपालन, भेडपालन, मुर्गी पालन आदि योजना तथा अनुदान के बारे में विस्तार से कृषकों को विस्तार से जानकारी दी गई। जिला कृषि अधिकारी नरोत्तम कुमार ने रबी सत्र की बुआई के लिए उर्वरक उपलब्धता के बारे में कृषकों को आश्वस्त करते हुए बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है, समितियों की मांग के अनुरूप उर्वरक समितिवार भेजी जा रही है। जिला उद्यान अधिकारी डॉ0 रमेश पाठक द्वारा कृषकों की मांग पर केला की टिश्यू कल्चर लैब की जिले में स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में बताया गया कि जनपद से टिश्यूकल्चर लैब की स्थापना का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है, शीघ्र ही टिश्यूकल्चर लैब की स्थापना के उपरान्त कृषकों की कृषकों की आय में वृद्धि होगी। साथ ही जिला उद्यान अधिकारी द्वारा साकभाजी, मसाले, बागवानी आदि की वैज्ञानिक खेती करने एवं विभागीय अनुदान के बारे में कृषकों को बताया गया। बैठक में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, अधिशाषी अभियन्ता, सिंचाई अग्रणी जिला प्रबन्धक, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, बिन्दकी, भूमि संरक्षण अधिकारी सहित प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

# डिजिटल माध्यमों पर सतर्कता ही सबसे बड़ा हथियार : संतोष कुमार

- सुरक्षित रहना अधिकार भी और जिम्मेदारी भी : शीतल वर्मा
- रानी रेवती देवी में यातायात, मिशन शक्ति व साइबर अपराध जागरूकता अभियान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। युवाओं को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, महिलाओं के सुरक्षा अधिकारों एवं डिजिटल जगत में बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से बुधवार को रानी रेवती देवी इंटर कालेज में बच्चों को जानकारी प्रदान की गई।

विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर में जिला अपराध निरोधक समिति प्रयागराज, यातायात पुलिस कमिश्नरेट के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिला अपराध निरोधक समिति के सचिव संतोष कुमार ने साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को गंभीर चिंता बताते हुए छात्रों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के व्यवहारिक उपाय बताए। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यमों पर सतर्कता ही सबसे बड़ा हथियार है। अज्ञात लिंक, फर्जी कॉल, ओटीपी ठगी और सोशल मीडिया फ्रॉड से बचना हर विद्यार्थी के लिए अनिवार्य है। डिजिटल साक्षरता, मजबूत पासवर्ड, ऑनलाइन जानकारी साझा न करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने पर जोर दिया। महिला उपनिरीक्षक शीतल वर्मा ने मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं को आत्मनिर्भर एवं साहसी बनने का आह्वान किया।

उन्होंने महिलाओं के लिए उपलब्ध सरकारी सुरक्षा हेल्पलाइन 1090, 112, 181 की जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षित रहना अधिकार भी है और जिम्मेदारी भी। उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा के सरल उपाय बताए। कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत मदद लेने में संकोच न करें। उपनिरीक्षक रामचंद्र यादव ने अपराध निरोधक दृष्टिकोण से पुलिस एवं जनसहयोग को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि समाज की सक्रिय भागीदारी से ही अपराधों पर पूर्ण विराम लगाया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को गलत गतिविधियों से दूर रहने और जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा दी। ट्रैफिक इंस्पेक्टर अमित कुमार ने सड़क सुरक्षा नियमों को जीवन रक्षा का संकल्प बताते हुए कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग दुर्घटना के जोखिम को कई गुना कम कर देता है। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा, मिशन शक्ति और साइबर सुरक्षा पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय, संगीताचार्य मनोज कुमार गुप्ता के अलावा सत्य प्रकाश पाण्डेय, वंशराज सिंह, धर्मेश्वर सिंह एवं अनु मौर्य को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।